DBD
दो बजे दोपहर

## पूर्वोत्तर भारत में बारिश की भारी कमी

पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में बारिश औसत से 20 प्रतिशत कम रही। यहां 1367.3 मिलीमीटर की सामान्य तुलना मंख केवल 1089.9 मिलीमीटर वर्षा हुई। यह 1901 के बाद दूसरी बार सबसे कम बारिश रही। इससे पहले वर्ष 2013 में सबसे कम (1065.7 मिलीमीटर) बारिश दर्ज की गई थी। बिहार, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय जैसे राज्यों में लगातार तीन महीने कम बारिश हुई।

## क्षेत्रवार वर्षा का ब्यौरा

महापात्र ने बताया कि उत्तर-पश्चिम भारत में 747.9 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य (587.6 मिलीमीटर) से 27.3 प्रतिशत अधिक है। मध्य भारत में 1125.3 मिलीमीटर वर्षा हुई, यह सामान्य से 15.1 प्रतिशत अधिक है। दक्षिणी प्रायद्वीप में 716.2 मिलीमीटर की तुलना में 9.9 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि अक्टूबर में भी सामान्य से 15 प्रतिशत अधिक बारिश हो सकती है। मौसम

- देश में सामान्य से आठ प्रतिशत अधिक बारिश हुई : आईएमडी
- सबसे ज्यादा उत्तर-पश्चिम भारत में बरसे बादल
- अक्टूबर में भी होगी भारी बारिश

मानसून का मौसम समाप्त

# विदा हुआ मानसून

एजेंसी। नई दिल्ली/मुंबई

चार महीने का दक्षिण-पश्चिम मानसून मंगलवार को आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया। इस दौरान देशभर में औसत से 8 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि इस मानसून को सफल माना जा सकता है, हालांकि कई राज्यों में बादल फटने और भूस्खलन जैसी आपदाएं भी सामने आईं।

**देशभर में औसत से अधिक वर्षा**

आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार जून से सितंबर तक सामान्य 868.6 मिलीमीटर की तुलना में 937.2 मिलीमीटर वर्षा हुई। यानी पूरे चार महीनों में औसत से अधिक बारिश दर्ज की गई। मध्य भारत और उत्तर-पश्चिम भारत में सामान्य से अधिक वर्षा दर्ज की गई, जबकि दक्षिणी प्रायद्वीप में भी अच्छी बारिश हुई।



## 60 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हुआ नुकसान : फडणवीस



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा- प्राथमिक अनुमान है कि महाराष्ट्र में बारिश और बाढ़ के कारण लगभग 60 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में व्यापक असर हुआ है। हालांकि, नुकसान का सही आंकलन अगले दो से तीन दिनों में पूरा हो जाएगा, और अगले हफ्ते तक रिलीफ पैकेज की घोषणा कर दी जाएगी।

पेज-3 भी देखें

## खबर संक्षेप

### रिलायंस इन्फ्रा के खिलाफ दो राज्यों में ईडी की छापेमारी



**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ फेमा जांच के तहत महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुंबई और इंदौर के महू में कम से कम छह परिसरों पर छापेमारी की गई। ये तलाशी विदेश में कुछ अवैध धन प्रेषण के आरोपों पर रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ चल रही विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबंधन अधिनियम (फेमा) जांच का हिस्सा है। ईडी पहले से ही धन शोधन निवारण अधिनियम के आपराधिक प्रावधानों के तहत अनिल अंबानी के समूह की कई कंपनियों, जिनमें रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर (आर इंफ्रा) भी शामिल है, द्वारा कथित वित्तीय अनियमितताओं और 17,000 करोड़ रुपए से अधिक के सामूहिक ऋण 'डायवर्जन की जांच कर रही है। पीएमएलए के तहत एजेंसी की यह कार्रवाई सेबी की एक रिपोर्ट के बाद हुई, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आर इंफ्रा ने सीएलई नामक एक कंपनी के माध्यम से रिलायंस समूह की कंपनियों में अंतर-कॉर्पोरेट जमा (आईसीडी) के रूप में धन दूसरे कामों में लगाया।

### भाजपा नेता विजय कुमार मल्होत्रा का निधन



नई दिल्ली। भाजपा के सीनियर नेता विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार सुबह 93 साल की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से दिल्ली AIIMS में भर्ती थे। AIIMS ने आज सुबह उनकी मौत की जानकारी दी। मल्होत्रा दिल्ली से 5 बार सांसद और दो बार के विधायक थे। वे 1980 में दिल्ली के पहले प्रदेश अध्यक्ष बने। उन्होंने 1999 के लोकसभा चुनावों में दक्षिण दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार मनमोहन सिंह को हराया था। उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली स्थित उनके आवास पर रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित भाजपा के कई बड़े नेता उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना 20 लाख घरों तक पहुंची : जोशी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 20 लाख घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने की उपलब्धि हासिल की है। एक्स पर पोस्ट में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मुफ्त बिजली योजना के तहत अब 20 लाख घर सौर ऊर्जा से संचालित हैं, जिससे लोगों के जीवन में रोशनी आ रही है, लागत में बचत हो रही है और एक स्थायी भविष्य को शक्ति मिल रही है। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने स्वच्छ ऊर्जा क्रांति में एक और उपलब्धि हासिल की है।

### प्रधानमंत्री मोदी आरएसएस के शताब्दी समारोह में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को आरएसएस के शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम मंब शामिल होंगे। वे राष्ट्र के प्रति आरएसएस के योगदान को दर्शाने वाला एक विशेष रूप से डिजाइन किया गया स्मारक डाक टिकट और एक सिक्का जारी करेंगे। मोदी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे और उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे।

# फडणवीस कैबिनेट के 'हेल्थी' फैसले



**महाराष्ट्र में व्यापक कैंसर देखभाल नीति को मिली मंजूरी**

धीरज सिंह। मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में बड़े कदम उठाए। राज्य कैबिनेट ने व्यापक कैंसर देखभाल नीति को मंजूरी दी है, जिसके जरिए मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए तीन-स्तरीय एकीकृत प्रणाली विकसित की जाएगी। सरकार ने बताया कि इस नीति के तहत पूरे राज्य के 18 अस्पतालों में विशेष कैंसर उपचार सुविधाएं शुरू की जाएंगी।

### अतिरिक्त बिजली बिक्री कर वसूली को मंजूरी

औद्योगिक, वाणिज्यिक और अन्य श्रेणी के ग्राहकों से बिजली उपयोग पर अतिरिक्त बिजली बिक्री कर वसूली को मंजूरी। इससे प्रधानमंत्री कुसुम घटक-बी और अन्य योजनाओं के तहत सौर कृषि पंपों के लिए बिजली आपूर्ति हेतु निधि उपलब्ध होगा।

### महाकेयर फाउंडेशन नाम की बनाई जाएगी विशेष संस्था

इसके साथ ही, एक विशेष संस्था 'महाराष्ट्र कैंसर केयर, रिसर्च एंड एजुकेशन फाउंडेशन (महाकेयर फाउंडेशन)' बनाई जाएगी। इसे शुरू करने के लिए शुरुआती पूंजी के रूप में 100 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस नीति से हर जिले में कैंसर की शुरुआती पहचान और इलाज संभव हो सकेगा।

### वैश्विक क्षमता केंद्र को मंत्रिमंडल की मंजूरी

स्वास्थ्य के साथ-साथ रोजगार और निवेश बढ़ाने पर भी कैबिनेट ने जोर दिया। इस बैठक में महाराष्ट्र ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पॉलिसी 2025 को मंजूरी दी गई। इस नीति के जरिए 400 नए वैश्विक क्षमता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इससे राज्य में 50 हजार 600 करोड़ रुपए का निवेश होगा। जबकि चार लाख नए रोजगार सृजित होंगे। यह नीति साल 2025 से साल 2030 तक लागू की जाएगी। राज्य में नाशिक, नागपुर और छत्रपति संभाजीनगर जैसे टियर -2 और टियर-3 शहर में वैश्विक क्षमता केंद्र में स्थापित करना इस नीति का मुख्य उद्देश्य है। शहरी और ग्रामीण इलाकों में समावेशी विकास के लिए बुनियादी ढांचा सुविधा निर्माण करने और प्रशासनिक गति पर जोर देने के लिए नीति मंजूर की गई है। इस नीति से अंतरिक्ष और रक्षा, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, रत्न और आभूषण, लॉजिस्टिक्स, धातु खनन, फार्मास्यूटिकल्स और रसायन, नवीकरणीय और हरित ऊर्जा, वस्त्रोद्योग, सूचना व प्रौद्योगिकी समेत अन्य क्षेत्रों को गति मिल सकेगी। वैश्विक क्षमता केंद्र में डिजिटल परिवर्तन, नवाचार, प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाएं, इंजीनियरिंग, विपणन, अनुसंधान और विकास के क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान की जाएंगी। कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और गुजरात राज्य ने स्वतंत्र वैश्विक क्षमता केंद्र नीति घोषित की गई है।

### महाजियोटेक महामंडल की स्थापना को मंजूरी

कैबिनेट बैठक में महाजियोटेक महामंडल की स्थापना को मंजूरी दे दी गई है. भू-स्थानिक तकनीक का उपयोग करके प्रशासन में तेजी लाई जाएगी. इस तकनीक का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में रणनीतिक योजना और निर्णय लेने में मदद करेगा.

### सातारा में बनेगा कोर्ट

सातारा जिले के फलटण में वरिष्ठ स्तर का दीवानी न्यायालय स्थापित किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक पदों और खर्च की व्यवस्था को मंजूरी दी गई है।

बदलापुर छात्राओं से दुराचार मामला

# स्कूल सुरक्षा अनुपालन डेटा अपलोड करने का निर्देश

डीबीडी संवाददाता। मुंबई

मुंबई। राज्य सरकार ने 40 फीसदी स्कूलों में सुरक्षा और अनुपालन संबंधित डेटा अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाने की जानकारी हाई कोर्ट को दी। अदालत ने राज्य के शिक्षा विभाग को 9 अक्टूबर 2025 तक सभी स्कूलों में अनुपालन का विवरण वेबसाइट पर प्रकाशित करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 10 अक्टूबर को होगी।

### स्वत : संज्ञान याचिका पर सुनवाई

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति संदेश डी. पाटिल की पीठ ने स्वत: संज्ञान याचिका पर सुनवाई की। सरकारी वकील ने बताया कि राज्य के सभी सरकारी, निजी, आश्रम शाला, आंगनवाड़ी और संप्रेक्षण गृहों से संबंधित डेटा में अब तक 40 फीसदी अपडेट किया गया है। विभाग ने इस उद्देश्य के लिए वेबसाइट भी बनाई है, जिसमें स्कूल लिंक पर क्लिक कर समिति की सिफारिशों के अनुपालन संबंधी जानकारी अपडेट कर सकते हैं।



### हाई कोर्ट का निर्देश

पीठ ने सरकार को 9 अक्टूबर तक सभी स्कूलों, आश्रमशाला, आंगनवाड़ी और संप्रेक्षण गृहों का डेटा अपलोड करने और सभी सिफारिशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। हाई कोर्ट ने पिछले साल बदलापुर में छात्राओं के साथ हुए दुराचार के बाद स्कूलों में सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की थी।

### स्कूल सुरक्षा समितियों की स्थिति

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 61621 सरकारी स्कूलों में सुरक्षा समिति का गठन हो चुका है, जबकि 2266 स्कूलों में यह बाकी है। निजी, सहायता प्राप्त और स्व-वित्तपोषित विद्यालयों में 44435 स्कूलों में से 33296 में सीसीटीवी लगाई जा चुकी है और 11139 स्कूलों में अभी स्थापित की जानी है। सरकारी स्कूलों में 18572 में सीसीटीवी स्थापित की गई है और 45315 में अभी लगाई जानी हैं।

# अब नेस्को सेंटर में होगी शिंदे गुट की रैली



डीबीडी संवाददाता। मुंबई

मुंबई। शिवसेना (शिंदे) प्रमुख और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को घोषणा की कि इस वर्ष पार्टी की दशहरा रैली परंपरागत आजाद मैदान के बजाय गोरेगांव स्थित नेस्को सेंटर में आयोजित की जाएगी। शिंदे ने स्पष्ट किया कि रैली में केवल मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) के शिवसैनिक ही शामिल होंगे।

### बाढ़ प्रभावितों के लिए मदद पर जोर, रैली नहीं होगी भव्य

शिंदे ने कहा कि इस वर्ष राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ से किसानों को गहरा नुकसान हुआ है। लगभग 60 लाख हेक्टेयर फसल बर्बाद हो चुकी है। ऐसे हालात में रैली को पहले जैसी भव्यता से न मनाने का निर्णय लिया गया है। इसके बजाय बाढ़ प्रभावितों और किसानों के लिए फंड इकट्ठा करने पर जोर दिया जाएगा।

### शिवसैनिकों को सीधी मदद का निर्देश

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कार्यरत शिवसैनिकों को मुंबई बुलाने के बजाय अपने-अपने इलाकों में किसानों की सीधी मदद करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने इसे "80 प्रतिशत समाजसेवा और 20 प्रतिशत राजनीति" बताते हुए कहा कि शिवसेना का उद्देश्य राजनीति से पहले जनसेवा करना है।

## मैं मुंबई हमले का बदला लेना चाहता था: चिदंबरम



नई दिल्ली। मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी चिदंबरम ने खुलासा किया है कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के 17 साल बाद पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने एक चैनल को मंगलवार को दिए इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला अंतरराष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख के कारण लिया गया था। मुंबई हमले में 175 लोगों की जान गई थी। 60 घंटों तक 10 आतंकियों ने मुंबई की सड़कों, ताज होटल, सीएसटी रेलवे स्टेशन, नरीमन हाउस और कामा हॉस्पिटल को निशाना बनाया था। अंधाधुंध फायरिंग की थी। चिदंबरम ने न्यूज चैनल को बताया कि पूरी दुनिया का दबाव था। हमें युद्ध नहीं करने के लिए समझाया जा रहा था। तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री दिल्ली आईं और उन्होंने कहा- कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा। कोई आधिकारिक राज उजागर किए बिना मैं मानता हूं कि मेरे मन में प्रतिशोध की भावना आई थी।

# इंडसइंड बैंक में 2000 करोड़ का घोटाला

### मैनेजमेंट ने मानी हेरफेर की बात




डीबीडी संवाददाता। मुंबई

मुंबई में इंडसइंड बैंक से जुड़े 2,000 करोड़ रुपए के अकाउंटिंग घोटाले का मामला सामने आया है। इस मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) को कई अहम सुराग मिले हैं। जांच से जुड़े सूत्रों का कहना है कि बैंक के तत्कालीन वरिष्ठ अधिकारियों ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि बैंक की बुक्स में जानबूझकर एडजस्टमेंट किए गए थे।

### पूर्व अधिकारियों से पूछताछ जारी

पिछले हफ्ते EOW ने बैंक के पूर्व सीईओ सुमंत कथपालिया, पूर्व डिप्टी सीईओ अरुण खुराना और पूर्व सीएफओ गोविंद जैन के बयान दर्ज किए। इनमें से अरुण खुराना की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है, जिसके चलते उन्हें दोबारा समन भेजा गया है। अधिकारियों को शक है कि इन एडजस्टमेंट्स के जरिए बैंक के शेयर की कीमत कृत्रिम रूप से बढ़ाई गई और कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने अंदरूनी जानकारी का फायदा उठाकर भारी मुनाफा कमाया।

### विरोधाभासी बयानों पर फोकस

जांच में यह भी सामने आया है कि बैंक ने खातों में दो अलग-अलग कैटेगरी के तहत एडजस्टमेंट किए, जिससे शेयर वैल्यू प्रभावित हुई। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, इनसाइडर ट्रेडिंग से सैकड़ों करोड़ रुपए का लाभ उठाया गया हो सकता है। हालांकि कुछ पूर्व अधिकारी इस गड़बड़ी से इनकार कर रहे हैं, लेकिन EOW अब विरोधाभासी बयानों की गहराई से जांच कर रही है।

### विवाद के बीच CEO और डिप्टी CEO का इस्तीफा

सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी वित्तीय विश्लेषकों और कानूनी विशेषज्ञों से सलाह लेकर आगे की रणनीति तय करेगी। यह विवाद सबसे पहले बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में सामने आया था और धीरे-धीरे माइक्रोफाइनेंस कारोबार तक फैल गया। विवाद गहराने के बीच अप्रैल 2025 में सीईओ सुमंत कथपालिया और डिप्टी सीईओ अरुण खुराना ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

# 'चार महीने पहले आवेदन करे सभी एनजीओ'

### FCRA रिन्यूअल में देरी से बचने के लिए गृह मंत्रालय का निर्देश

एजेंसी। नई दिल्ली




केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को सभी एनजीओ को निर्देश दिया है कि वे अपने एफसीआरए (विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम) रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण कम से कम चार महीने पहले आवेदन कर दें। यह कदम समय पर आवेदन प्रक्रिया सुनिश्चित करने और एनजीओ की गतिविधियों में किसी भी बाधा से बचाने के लिए उठाया गया है। एफसीआरए 2010 के तहत सभी एनजीओ जो विदेशी योगदान प्राप्त करते हैं, उनके लिए पंजीकरण अनिवार्य है। यह प्रमाणपत्र सामान्यतः पांच वर्षों के लिए वैध होता है।

### समय पर आवेदन का महत्व

मंत्रालय ने चेताया कि कई संस्थाएं प्रमाणपत्र समाप्ति से 90 दिन से कम समय में आवेदन भेजती हैं। यह देरी जांच और सुरक्षा एजेंसियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय नहीं देती। नतीजतन, प्रमाणपत्र की वैधता समाप्त होने पर, एनजीओ विदेशी योगदान प्राप्त या उपयोग नहीं कर सकते, जिससे उनकी गतिविधियां बाधित होती हैं।

## थर्मल प्लांट का 30 फीट ऊंचा स्लैब गिरा, 9 मजदूरों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई में मंगलवार शाम एननोर थर्मल पावर प्लांट की कंस्ट्रक्शन साइट में 30 फीट की ऊंचाई से लोहे का स्लैब का हिस्सा गिरा। इसके नीचे दबने से 9 मजदूरों की मौत हो गई। 1 घायल है। पुलिस के मुताबिक, यहां लोहे का ऊंचा स्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा था, जिसका कुछ हिस्सा नीचे खड़े मजदूरों पर गिरा है। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। स्लैब किस कारण ढहा इसकी जांच की जा रही है। तमिलनाडु इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के सचिव और तमिलनाडु जेनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन (TANGEDCO) के चेयरमैन डॉ. जे. राधाकृष्णन ने अस्पताल पहुंचकर घायल से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि एननोर थर्मल पावर निर्माण स्थल पर एक स्टील आर्क गिरा।

# नवी मुंबई एयरपोर्ट को मिला डीजीसीए का लाइसेंस



- संचालन का रास्ता साफ
- उद्घाटन 8 अक्टूबर को कर सकते हैं मोदी

डीबीडी संवाददाता। नवी मुंबई/नवी दिल्ली

नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से लाइसेंस प्राप्त हो गया है। इसके साथ ही यहां से विमान सेवाओं के संचालन का रास्ता साफ हो गया है। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 अक्टूबर को इसका उद्घाटन कर सकते हैं। अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने मंगलवार को हवाई अड्डे की तैयारियों का निरीक्षण किया। डीजीसीए देश में हवाई अड्डों और विमान सेवाओं की सुरक्षा और मानकों को सुनिश्चित करता है। लाइसेंस मिलने के बाद अब एनएमआईए से विमान सेवाएं शुरू हो सकेंगी। यह एयरपोर्ट अदाणी समूह की अदाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स और राज्य सरकार की सिडको द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया जा रहा है। पहले चरण में यह सालाना 2 करोड़ यात्रियों और 5 लाख टन कार्गो संभालने में सक्षम होगा, जिससे मुंबई एयरपोर्ट पर यात्री दबाव कम होगा।

### आधुनिक तकनीक और डिजाइन

नवी मुंबई एयरपोर्ट का टर्मिनल-1 कमल की आकृति से प्रेरित वास्तुकला पर आधारित है। यहां अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिनमें बायोमेट्रिक सत्यापन के साथ स्वचालित चेक-इन कियोस्क, उन्नत स्मार्ट सुरक्षा प्रणाली, तेज बैगेज क्लेम सेवा और विशाल लाउंज शामिल हैं। एयरपोर्ट के आसपास बड़े होटल न होने के चलते सिडको ने एयरोसिटी विकसित करने की योजना बनाई है। उल्वे और पुष्पक नगर के 667 एकड़ क्षेत्र में बनने वाले इस परिसर में होटल, बिजनेस पार्क, कन्वेंशन सेंटर और मनोरंजन की सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

**रेलवे** 1989 में हुई थी भर्ती, 36 साल की सेवा

# एशिया की पहली महिला लोको पायलट हुईं सेवानिवृत्त

डीबीडी संवाददाता। मुंबई

एशिया की पहली महिला लोको पायलट सुरेखा यादव ने मंगलवार को भारतीय रेल से 36 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति ली। इस दौरान उन्होंने कई प्रतिष्ठित ट्रेनों का संचालन किया और रेलवे के इतिहास में अपनी पहचान बनाई। सेंट्रल रेलवे ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनकी प्रेरणादायी यात्रा आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल

### रेलवे में करियर की शुरुआत

सुरेखा यादव ने 1989 में रेलवे में जुड़कर पुरुष प्रधान क्षेत्र में अपनी नई राह बनाई। 1990 में सहायक चालक बनने के साथ ही वह एशिया की पहली महिला ट्रेन ड्राइवर बनीं। उन्होंने मुंबई की उपनगरीय लोकल ट्रेनों से लेकर मालगाड़ियों और भारत के कठिन घाट सेक्शनों तक कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का संचालन किया।

### प्रमुख उपलब्धियां

दो सितंबर 1965 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में जन्मी सुरेखा ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के बाद रेलवे में नौकरी शुरू की। 1996 में उन्होंने पहली मालगाड़ी चलाई, 2000 में मोटरवुमन बनीं और 2010 में घाट ड्राइवर की योग्यता हासिल की। करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में 13 मार्च 2023 को वंदे भारत एक्सप्रेस की उद्घाटन यात्रा को चलाना शामिल है।



### विदाई और सम्मान

सेवानिवृत्ति से पहले उन्हें राजधानी एक्सप्रेस का संचालन करने का अवसर मिला। रेलवे परंपरा के अनुसार सहकर्मियों ने उन्हें भव्य विदाई दी। सेंट्रल रेलवे ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा: "एक पथप्रदर्शक को विदाई। सुरेखा यादव की प्रेरणादायी यात्रा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।"

# अस्पताल की लापरवाही ने ली जान

## दोषी डॉक्टरों के खिलाफ 'सदोष मनुष्यवध' का मामला दर्ज करने की मांग

**डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली**

डोंबिवली के खंबाळपाडा की साढ़े चार साल की प्राणवी भोईर और उनकी 24 वर्षीय मौसी श्रुती ठाकूर की मौत ने अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। परिजनों का आरोप है कि शास्त्रीनगर अस्पताल में एंटीवेनम इंजेक्शन उपलब्ध न होने और लापरवाही के कारण दोनों की जान गई। सामाजिक कार्यकर्ता सत्यवान म्हात्रे ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर दोषी डॉक्टरों के खिलाफ 'सदोष मनुष्यवध' का मामला दर्ज नहीं किया गया, तो शास्त्रीनगर अस्पताल पर ताला लगाने जैसे कठोर कदम उठाए जाएंगे।



### धरना और विरोध प्रदर्शन, जांच का आश्वासन

मंगलवार को परिजन और सामाजिक कार्यकर्ता स्वास्थ्य मुख्यालय पहुंचे और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। डॉ. दीपा शुक्ला के कार्यालय के बाहर लंबे समय तक धरना चला। हालांकि, वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति ने तनाव बढ़ा दिया। स्थिति बिगड़ते देख चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शुक्ला ने हस्तक्षेप किया और गहन जांच का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जांच में दोषी पाए गए लोगों पर कठोर कार्रवाई होगी। इसके बाद धरना अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया।

### सामाजिक संगठनों की मांग

स्थानीय कार्यकर्ताओं और पूर्व नगरसेवक सुनीर बासरे ने कहा कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में हर साल सर्पदंश से मौतें होती हैं क्योंकि सरकारी अस्पतालों में एंटीवेनम समय पर उपलब्ध नहीं होता। उन्होंने मांग की कि सभी सरकारी व पालिका अस्पतालों में दवाएं और इंजेक्शन तत्काल उपलब्ध कराए जाएं।

### शिकायत मुख्यमंत्री तक

पूर्व नगरसेवक सुधीर बासरे ने इस मामले को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस तक पहुंचाया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अस्पतालों और आरोग्य केंद्रों में अनुशासन व जिम्मेदारी तय करने के लिए सक्षम मेडिकल अधिकारियों की नियुक्ति अनिवार्य की जाए।

# गैंगस्टर नीलेश पासपोर्ट हासिल कर विदेश फरार

- नीलेश के लंदन में होने की बात सामने आई
- पुणे पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू की

**डीबीडी संवाददाता | पुणे**

कई गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे कुख्यात गैंगस्टर नीलेश घायवाल पासपोर्ट और वीजा हासिल कर विदेश भाग गया है। पुलिस के मुताबिक नीलेश इस समय लंदन में होने की आशंका है। उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी कर दिया गया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि दर्जनों मामलों में वांछित होने के बावजूद वह पासपोर्ट कैसे हासिल कर सका। पुलिस जांच में सामने आया है कि नीलेश ने पुणे क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में 'तत्काल पासपोर्ट' के लिए आवेदन किया था। सत्यापन के दौरान जब पुलिस उसकी अहिल्यानगर स्थित पते पर पहुंची तो वह वहां नहीं मिला। कोतवाली पुलिस ने पासपोर्ट कार्यालय को 'उपलब्ध नहीं' की नकारात्मक रिपोर्ट भेजी थी। इसके बावजूद नीलेश को पासपोर्ट जारी हो गया, जिससे पूरे मामले पर सवाल उठ रहे हैं।



### कई गंभीर अपराधों में आरोपी गैंगस्टर

40 वर्षीय नीलेश घायवाल के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और जबरन वसूली जैसे गंभीर अपराधों के एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। हाल ही में उसके गिरोह ने पुणे के कोथरुड इलाके में रोडरेज की घटना के बाद एक व्यक्ति पर गोली चला दी थी और एक किशोर पर हमला किया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नीलेश ने इसी महीने देश छोड़कर लंदन का रुख किया है।

# पशु दाह संस्कार गृह का हुआ उद्घाटन

**विनय दूबे | भाईंदर**

परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के प्रयासों से मीरा भाईंदर शहर में पर्यावरण अनुकूल गैस-चालित दो श्मशान गृहों में से एक का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस सुविधा का उद्देश्य पालतू जानवरों को सम्मानजनक विदाई देने की व्यवस्था करना है। पूर्व में पालतू पशुओं के शव नदियों, नालों, खाड़ियों, कूड़ेदानों या खुले स्थानों पर फेंक दिए जाते थे, जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना रहता था। अब शहर में सुसज्जित दाह संस्कार गृह उपलब्ध होने से पशु प्रेमियों को अपने पालतू जानवरों का अंतिम संस्कार सम्मानपूर्वक करने का अवसर मिलेगा।



### मंत्री प्रताप सरनाईक का वक्तव्य

परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि इंसान और पशुओं की मित्रता व वफादारी के अनेक उदाहरण हैं। इसलिए मरणोपरांत सम्मानजनक अंतिम संस्कार के लिए सुसज्जित व्यवस्था समय की मांग थी। पर्यावरण संरक्षण और पशु प्रेमियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह कार्य किया गया है। उन्होंने गर्व व्यक्त किया कि मीरा भाईंदर शहर में राज्य का यह पहला पशु श्मशान गृह अन्य शहरों के लिए आदर्श उदाहरण बनेगा। काशीमीरा क्षेत्र में बने दूसरे श्मशान गृह का उद्घाटन भी जल्द ही किया जाएगा।

### पर्यावरण-अनुकूल तकनीक

एमबीएमसी आयुक्त/प्रशासक राधाबिनोद शर्मा ने बताया कि यह गैस शवदाह गृह पर्यावरण-अनुकूल है और वायु प्रदूषण को कम करने में सहायक है। इसमें प्राकृतिक गैस और प्रोपेन (एलपीजी) का उपयोग किया जाता है, जिससे शव गैस और राख जैसे मूल रासायनिक यौगिकों में परिवर्तित हो जाता है।

# नवरात्रि अष्टमी पर टोरेंट पावर की अनोखी पहल

## शुरू हुआ ऑल-विमेन कस्टमर केयर सेंटर

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

नवरात्रि की अष्टमी के शुभ अवसर पर भिवंडी में टोरेंट पावर ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अनोखी पहल की है। कंपनी ने अपने पटेल कस्टमर केयर सेंटर (अंजुरफाटा) को पूरी तरह ऑल-विमेन कस्टमर केयर सेंटर में बदल दिया है। अब यहाँ फ्रंट-डेस्क से लेकर सुरक्षा कर्मियों तक सभी जिम्मेदारियाँ केवल महिला कर्मचारियों के हाथों में होंगी। भिवंडी के नागरिकों और उपभोक्ताओं ने इस कदम का स्वागत किया। ग्राहकों का कहना है कि महिला कर्मचारियों द्वारा केंद्र का संचालन कार्यकुशलता और संवेदनशीलता दोनों को बढ़ाएगा। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसे कॉरपोरेट जगत में सामाजिक जिम्मेदारी का अनुकरणीय उदाहरण बताया। नवरात्रि अष्टमी पर शुरू हुआ यह ऑल-विमेन कस्टमर केयर सेंटर महिला सशक्तिकरण और सामाजिक भागीदारी का नया अध्याय साबित होगा।



### नवरात्रि की भावना से जुड़ा निर्णय

नवरात्रि को देवी दुर्गा और काली की शक्ति का पर्व माना जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए टोरेंट पावर ने यह कदम उठाया। कंपनी का कहना है कि यह पहल न सिर्फ महिला कर्मचारियों का आत्मविश्वास बढ़ाएगी बल्कि कार्यस्थलों को और अधिक समावेशी और प्रेरणादायक बनाएगी।

### कंपनी का संदेश और प्रतिबद्धता

टोरेंट पावर की ओर से जारी संदेश में कहा गया कि महिलाएँ संगठन का अभिन्न हिस्सा हैं और विभिन्न विभागों में अहम योगदान देती हैं। नवरात्रि अष्टमी पर पटेल सेंटर को ऑल-विमेन कस्टमर सेंटर में बदलना महिला सशक्तिकरण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### सेवाओं में बढ़ी भागीदारी

भिवंडी में टोरेंट पावर पहले से ही आधुनिक सेवाएँ जैसे 5 कस्टमर केयर सेंटर, 24x7 टोल-फ्री हेल्पलाइन, मोबाइल ऐप, ई-मेल हेल्पलाइन और व्हाट्सऐप सेवा उपलब्ध कराता है। ऑल-विमेन सेंटर की पहल से यह संदेश गया है कि महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में उत्कृष्टता ला सकती है।

## घरेलू गैस सिलेंडर के नोजल में लगी आग



**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

कलवा प्रभाग समिति अंतर्गत भास्कर नगर में किराएदार राजेश गुप्ता के घर एचपी गैस सिलेंडर के नोजल में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही आपदा प्रबंधन दल, कलवा पुलिस, टोरेंट पावर कर्मचारी, एक पिकअप वाहन और अग्निशमन विभाग की टीम बचाव वाहन के साथ मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, हालांकि आग से घरेलू कपड़े, प्लास्टिक के बर्तन और बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गए।

# घर में सेंधमारी और चोरी के मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

शील-डायघर पुलिस में दर्ज गु.पंजी. सं. 881/2025 (धारा 331(4), 305 भारतीय दंड संहिता 2023) की समानांतर जांच केंद्रीय अपराध अन्वेषण प्रकोष्ठ अपराध शाखा, ठाणे शहर के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय देशमुख द्वारा की गई। पुलिस टीम ने अपराध दर्ज होने के बाद 50 से 60 स्थानों के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपियों की पहचान की। 29/09/2025 को तकनीकी जांच और पुलिसकर्मी अशोक धवले द्वारा प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपियों का पता लगाया गया। 30/09/2025 को विक्रोली, मुंबई से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें सुभाष चंद्र रामपलट बिंद (उम्र 35 वर्ष, निवासी – उमा महेश सोसाइटी, विक्रोली पश्चिम



एवं मूल निवासी – जौनपुर, उत्तर प्रदेश) और आतिफ जमालुद्दीन शाह (उम्र 21 वर्ष, टेम्पो चालक, निवासी – नारायणनगर, घाटकोपर एवं मूल निवासी – बलरामपुर, उत्तर प्रदेश) शामिल हैं। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों से चुराई गई साड़ियां और कपड़े (कीमत 2,92,300 रुपए), दो मोबाइल फोन (कीमत 10,000 रुपए), एक टाटा पिकअप टेम्पो (कीमत 5,00,000 रुपए) और अपराध में इस्तेमाल औजार जैसे पेचकस, हेक्सा, हथौड़ा, छलनी, पेपर कटर, टी-ब्लेड आदि (कुल मिलाकर 8,02,300 रुपए) जब्त किए।

## बंगा संघा का शारदोत्सव

# 70 फीट ऊँची वातानुकूलित झांकी भक्तों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी

**डीबीडी संवाददाता | भाईंदर**

मीरा-भाईंदर शहर में बंगाली समाज ने भक्ति और उल्लास के साथ शारदोत्सव (नवरात्रि) का आयोजन किया। इस बार भी बंगा संघा द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा आकर्षण का केंद्र रही। कोलकाता के प्रसिद्ध मूर्तिकार रविशंकर दास ने माँ दुर्गा की भव्य प्रतिमा तैयार की, जबकि 70 फीट ऊँची वातानुकूलित झांकी भक्तों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी। बंगा संघा के अध्यक्ष मोंटू जालुई ने बताया कि दुर्गा पूजा को परंपरागत रूप से पंच दिवसीय उत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह महापंचमी



से शुरू होकर विजयादशमी पर समाप्त होता है। दशहरे के दिन मूर्ति विसर्जन के साथ 'सिंदूर खेला' का अनुष्ठान भी संपन्न होता है। संस्था के उपाध्यक्ष रतिन दत्ता ने बताया कि बंगा संघा पिछले 42 वर्षों से दुर्गा पूजा का आयोजन कर रही है। इस वर्ष 43वें आयोजन में माँ शक्ति की पूजा के माध्यम से नारी सशक्तिकरण और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। पूजा कमिटी के सचिव देबाशीष शहा ने जानकारी दी कि दुर्गा पूजा में धुनुचि नृत्य और ढाक वादन का विशेष महत्व है।

### समाज और संस्कृति का संगम

मीरा भाईंदर शहर में बड़ी संख्या में बंगाली समाज निवास करता है। इस वर्ष कुल 24 दुर्गा पूजा आयोजनों का आयोजन किया गया। समाज ने दुर्गा पूजा के माध्यम से न केवल भक्ति और उल्लास का वातावरण बनाया, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपरा से जोड़ने का कार्य भी किया।

## बरसात की रात, क्रिकेट का जूनन और गरबा

# बारिश भी नहीं रोक सकी उत्साह

**डीबीडी संवाददाता | भाईंदर**

28 सितंबर की शाम से लगातार हो रही झमाझम बारिश ने गरबा रसिकों के उत्साह को थामने का असफल प्रयास किया। एशिया कप जीत की खुशी ने उमंग को और दोगुना कर दिया और उत्सव का रंग जमता गया। मीरा रोड के पूनम सागर परिसर स्थित संकल्प आवासीय संकुल में काउंटी क्रिकेट के युवा खिलाड़ी ऋषभ सिंह की विशेष उपस्थिति ने माहौल को खास बना दिया। क्रिकेट का रोमांच बरकरार रखने के लिए बड़ी स्क्रीन भी लगाई गई थी।

एक ओर गरबा की धूम तो दूसरी ओर क्रिकेट का जुनून देखने को मिला। भारतीय टीम के जल्दी-जल्दी तीन विकेट गिरने से दर्शकों के चेहरे पर मायूसी छा गई और गरबा की रफ्तार धीमी पड़ गई। तभी छोटे बच्चों ने जोर से 'जय माता दी' का जयकारा लगाते हुए नृत्य शुरू किया। उनकी मासूम ऊर्जा ने सबको प्रेरित किया और भक्ति भाव से गरबा फिर से जोर पकड़ गया।



### जीत पर सामूहिक नृत्य

भारतीय टीम की जीत के बाद पूरा माहौल उल्लास से भर उठा। सामूहिक नृत्य में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी शामिल हुए और सोसायटी का प्रांगण तिरंगे के रंग में रंग गया। संकल्प उत्सव समिति सभी त्योहारों को हर्षोल्लास से मनाकर नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपरा से जोड़ने का कार्य निरंतर कर रही है।

# मध्य रेल ने विशेष ट्रेनों की अवधि बढ़ाई



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मध्य रेल ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए कई विशेष ट्रेनों की अवधि को आगे बढ़ाने का फैसला लिया है। अब ये ट्रेनें 31 दिसंबर 2025 तक चलाई जाएंगी।

**लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सोलापुर साप्ताहिक ट्रेन**

ट्रेन संख्या 01436 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सोलापुर साप्ताहिक विशेष, जिसे पहले 1 अक्टूबर 2025 तक चलना था, अब 8 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025 तक जारी रहेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 01435 सोलापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस भी 7 अक्टूबर से 30 दिसंबर तक बढ़ाई गई है।

**सोलापुर-दौंड और सोलापुर-कलबुरगि विशेष**

सोलापुर-दौंड अनारक्षित दैनिक विशेष (01461) और दौंड-सोलापुर (01462) अब 31 दिसंबर 2025 तक चलेंगी। इसी प्रकार सोलापुर-कलबुरगि (01465) और कलबुरगि-सोलापुर (01466) अनारक्षित दैनिक विशेष भी 92 अतिरिक्त सेवाओं के साथ विस्तारित की गई हैं।

**पुणे-कोल्हापुर और बडनेरा-नासिक रोड**

पुणे से श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस (कोल्हापुर) तक की ट्रेन संख्या 01023 और वापसी में ट्रेन 01024 अब दिसंबर के अंत तक चलेगी। बडनेरा-नासिक रोड (01211) और नासिक रोड-बडनेरा (01212) अनारक्षित दैनिक विशेष भी इसी अवधि तक विस्तारित कर दी गई है।

**पुणे-हरंगुल दैनिक विशेष**

पुणे-हरंगुल (01487) और हरंगुल-पुणे (01488) विशेष ट्रेनें भी अब 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025 तक यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेंगी। यह सेवाएं भी कुल 92 अतिरिक्त फेरे चलेंगी।

**सोलापुर-धर्मावरम सेवा का विस्तार**

नोट के अनुसार, सोलापुर-धर्मावरम विशेष ट्रेन (01437) अब 9 अक्टूबर से 27 नवंबर 2025 तक अनकापल्ले तक विस्तारित होगी। इसी तरह, धर्मावरम-सोलापुर (01438) सेवा 11 अक्टूबर से 29 नवंबर 2025 तक अनकापल्ले से चलेगी।

# नवी मुंबई एयरपोर्ट नामकरण पर बढ़ा बवाल

## 6 अक्टूबर को विराट मोर्चा निकालने की घोषणा से उपजा विवाद



**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

लोकनेता दि. बा. पाटील के नाम पर नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नामकरण की मांग को लेकर बीते पाँच वर्षों से सर्वदलीय समिति आंदोलन कर रही है। इसी बीच सांसद सुरेश उर्फ बाळयामामा म्हात्रे ने 6 अक्टूबर को विराट मोर्चा निकालने की घोषणा कर दी, जिससे विवाद खड़ा हो गया है।

समिति के उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद लोकनेते रामशेठ ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर म्हात्रे पर तीखा प्रहार किया। ठाकुर ने सवाल उठाया कि जब दि. बा. पाटील के नाम को लेकर संघर्ष जारी था, तब म्हात्रे कहाँ थे? उनका आरोप है कि सांसद केवल श्रेय लेने और दिखावा करने के लिए आंदोलन में कूदे हैं। ठाकुर ने याद दिलाया कि 2020 से समिति ने मानवी श्रृंखला, सिडको घेराव, मशाल मोर्चे और सैकड़ों बैठकों के जरिए सरकार पर दबाव बनाया था, जिसके चलते विधानसभा और विधान परिषद ने दि. बा. पाटील नाम की सिफारिश केंद्र सरकार को भेजी।

### सरकार से मिले सकारात्मक संकेत

रामशेठ ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि जब एयरपोर्ट से पहला विमान उड़ान भरेगा, तब उद्घोषणा होगी – 'आपका स्वागत है लोकनेते दि. बा. पाटील अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर।' ठाकुर का दावा है कि समिति के आंदोलन को जनता का व्यापक समर्थन मिला है और सरकार भी सकारात्मक रुख में है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी नए मोर्चे की ज़रूरत नहीं है, इसलिए सांसद म्हात्रे को अनावश्यक दखल और भूमिपुत्रों को गुमराह करने से बचना चाहिए।

# ठाणे पुलिस चौकी का नवीनीकरण



**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत राबोडी पुलिस स्टेशन क्षेत्र की विकास कॉम्प्लेक्स पुलिस चौकी का नवीनीकरण विधायक संजय केलकर की विधायक निधि से किया गया। पुनर्निर्मित और सुसज्जित चौकी का उद्घाटन विधायक केलकर ने किया। इस मौके पर पुलिस उपायुक्त सुभाष बुरसे, सहायक पुलिस आयुक्त संभाजी जाधव, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक हेमंत पाटिल, पूर्व नगरसेविका नंदा पाटिल, दीपा गावंड, भाजपा नगर उपाध्यक्ष महेश कदम, भाजपा स्लम सेल के उमेश चोनकर सहित कई अधिकारी और पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नागरिकों की सुविधा के लिए कदम

यह चौकी पिछले कई वर्षों से जीर्ण-शीर्ण स्थिति में थी। इससे नागरिकों को शिकायत दर्ज कराने के लिए वृंदावन के राबोडी पुलिस स्टेशन जाना पड़ता था।विधायक केलकर ने नागरिकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए चौकी के नवीनीकरण का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि नए ढांचे से विकास कॉम्प्लेक्स, गोकुलनगर, राबोडी और उथलसर क्षेत्रों के नागरिक अपनी शिकायतों का त्वरित समाधान कर पाएंगे।

# ठाणे पैटर्न से मुंबई में फतह की तैयारी

## डीसीएम एकनाथ शिंदे ने तैयार की रणनीति

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव को देखते हुए शिवसेना (शिंदे) पक्ष प्रमुख और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने चुनावी तैयारियों में तेजी ला दी है। शिंदे लगातार पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों से बैठक कर रहे हैं। उनका लक्ष्य है कि ठाणे में आजमाई गई रणनीति को अब मुंबई और पूरे महाराष्ट्र में लागू किया जाए। शिवसेना (शिंदे) के वरिष्ठ नेता और परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने बताया कि पार्टी ने 'ठाणे पैटर्न' को पूरे राज्य में अपनाने का निर्णय लिया है। इस मॉडल के तहत समाज, जाति और व्यवसाय के आधार पर अलग-अलग सेल बनाए जाएंगे। हर सेल का नेतृत्व एक वरिष्ठ पदाधिकारी करेगा, जो अपने समुदाय से जुड़े लोगों से संपर्क में रहकर चुनावी रणनीति तय करेगा।

### वॉर रूम से मिलेगी सीधी निगरानी



इन सभी सेल की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एक केंद्रीय वॉर रूम तैयार किया जा रहा है। यह वॉर रूम सीधे एकनाथ शिंदे को रिपोर्ट करेगा। सरनाईक के मुताबिक, यह व्यवस्था न केवल मतदाताओं से सीधा जुड़ाव बनाएगी, बल्कि उनकी समस्याओं के समाधान के जरिए समर्थन भी सुनिश्चित करेगी।

### लोकाधिकार समितियों को फिर से सक्रिय करने की तैयारी

शिंदे गुट ने 'स्थानीय लोकाधिकार समिती महासंघ' को फिर से सक्रिय करने का फैसला लिया है। यह संगठन मराठी भाषी और भूमिपुत्रों के हक में काम करता रहा है और वर्तमान में इसके 10 हजार से अधिक सदस्य हैं। पूर्व सांसद गजानन कीर्तिकर के नेतृत्व में यह संगठन अब शिंदे गुट के लिए काम करेगा।

### यूनियनों तक पहुंचेगी रणनीति

शिंदे गुट की रणनीति केवल समाज-आधारित ही नहीं, बल्कि सेक्टर-आधारित भी होगी। इसके तहत बीमा, तेल, विमानन, रेलवे, परिवहन और अनुसंधान जैसे केंद्रीय विभागों की यूनियनों से संपर्क साधा जाएगा। शिंदे ने अपने वरिष्ठ नेताओं को निर्देश दिए हैं कि इन सेल और समितियों की स्थापना जल्द से जल्द की जाए ताकि आगामी बीएमसी चुनाव में अधिकतम लाभ मिल सके।

# नाबालिग से शादी का मतलब पॉक्सो मामले में राहत नहीं

## हाईकोर्ट ने खारिज की आरोपी की याचिका

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



बॉम्बे हाईकोर्ट ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि नाबालिग से शादी करने और बच्चे के होने के आधार पर उसे पॉक्सो अधिनियम के तहत बरी नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने 26 सितंबर को यह आदेश दिया। इसमें जस्टिस उर्मिला जोशी फाल्के और जस्टिस नंदेश देशपांडे शामिल थे। आरोपी ने दावा किया कि वह लड़की के साथ आपसी सहमति से संबंध में था और शादी तब पंजीकृत की गई जब लड़की 18 साल की हो गई।

### प्राथमिकी रद्द करने का प्रयास विफल

अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि आरोपी और उसके परिवार ने अकोला पुलिस की ओर से दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की याचिका डाली थी। इस मामले में आरोपी पर भारतीय दंड संहिता (बीएनएस), पॉक्सो अधिनियम और बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज है।

### आरोपी की दलील और कोर्ट का जवाब

अभियोजन पक्ष ने कहा कि पीड़िता की उम्र शादी के समय 17 साल थी और इस साल मई में उसने एक बच्चे को जन्म दिया। परिवार को जब यौन शोषण का पता चला, तो उन्होंने आरोपी से उसकी शादी कर दी। आरोपी ने दावा किया कि दोनों रिश्ते में थे और शादी कानूनी रूप से लड़की के 18 साल की होने के बाद हुई। कोर्ट ने कहा कि पॉक्सो कानून का उद्देश्य बच्चों को यौन शोषण और उत्पीड़न से बचाना है। शादी या बच्चे के होने से आरोपी के गैरकानूनी कृत्यों की गंभीरता कम नहीं होती।

### पॉक्सो अधिनियम में सहमति का महत्व नहीं

कोर्ट ने कहा कि पॉक्सो कानून के तहत नाबालिग के साथ सहमति का कोई महत्व नहीं है। यह कानून 18 साल से कम उम्र के बच्चों को यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए बनाया गया है।

### विवाह और इस्लामी रीति-रिवाज

कोर्ट ने माना कि भले ही शादी इस्लामी रीति-रिवाज से हुई हो, तथ्य यह है कि शादी के समय लड़की 18 साल से कम उम्र की थी। बच्चे के जन्म के समय भी उसकी उम्र 18 साल नहीं हुई थी। कोर्ट ने कहा कि जब आरोपी 27 साल का था, तो उसे यह समझना चाहिए था कि लड़की के 18 साल होने तक इंतजार करना जरूरी था। केवल यह कहने से कि अब बच्चा है, आरोपी के गैरकानूनी कृत्यों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

विधान परिषद चुनाव

# कांग्रेस ने की समन्वयकों की नियुक्ति



**मुंबई।** महाराष्ट्र में अगले साल होने वाले विधान परिषद की स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की तैयारी कांग्रेस ने अभी से शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने इस चुनाव के लिए समन्वयकों की नियुक्तियां कर दी हैं।

### वरिष्ठ नेताओं को मिली जिम्मेदारी

पुणे स्नातक और शिक्षक सीट के लिए कांग्रेस वर्किंग कमेटी सदस्य बालासाहेब थोरात को समन्वयक बनाया गया है। नागपुर स्नातक सीट की जिम्मेदारी विधान परिषद में कांग्रेस गट नेता व पूर्व मंत्री सतेज पाटील को सौंपी गई है। वहीं, छत्रपती संभाजीनगर स्नातक सीट के लिए डॉ. सुनील देशमुख और अमरावती शिक्षक सीट के लिए पूर्व विधायक एम. एम. शेख को समन्वयक नियुक्त किया गया है। ये सभी नेता उम्मीदवार चयन से लेकर चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

# अब 11 अक्टूबर को म्हाडा कोंकण बोर्ड लॉटरी

**मुंबई।** म्हाडा के कोंकण आवास एवं क्षेत्र विकास बोर्ड ने ठाणे, वसई (पालघर), ओरोस (सिंधुदुर्ग) और बदलापुर सहित विभिन्न परियोजनाओं के 5354 फ्लैट और 77 भूखंडों की बिक्री के लिए आयोजित कम्प्यूटरीकृत ड्रॉ का संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। बोर्ड की मुख्य अधिकारी रेवती गायकर के अनुसार अब यह ड्रॉ 11 अक्टूबर को ठाणे के डॉ. काशीनाथ घाणेकर थिएटर में होगा। नए कार्यक्रम के मुताबिक, पात्र आवेदनों की ड्राफ्ट सूची 1 अक्टूबर को शाम 6 बजे म्हाडा की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित होगी। आवेदक इस पर 3 अक्टूबर शाम 6 बजे तक अपनी आपत्तियाँ और दावे ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे। इसके बाद अंतिम पात्र सूची 9 अक्टूबर को शाम 6 बजे वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। ड्रॉ में सफल और प्रतीक्षा सूची में शामिल नाम 11 अक्टूबर को घोषित किए जाएँगे।म्हाडा कोंकण बोर्ड ने ड्रॉ को पाँच हिस्सों में विभाजित किया है। इसमें 20 प्रतिशत व्यापक योजना के तहत 565 फ्लैट, 15 प्रतिशत एकीकृत शहर आवास योजना के अंतर्गत 3002 फ्लैट, अन्य योजनाओं में 1746 फ्लैट और 41 विशेष फ्लैट बिक्री के लिए उपलब्ध कराए जाएँगे।

# मालाबार गोल्ड को हाईकोर्ट से राहत

## मालाबार गोल्ड के खिलाफ सोशल मीडिया से अपमानजक पोस्ट्स हटाने का निर्देश

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स लिमिटेड को बड़ी अंतरिम राहत दी है। कोर्ट ने मेटा, एक्स, गूगल और कुछ न्यूज वेबसाइटों सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को निर्देश दिया है कि वे कंपनी के खिलाफ प्रसारित मानहानिकारक सामग्री तुरंत हटा दें।

### पाकिस्तानी इन्फ्लुएंसर से जुड़ा विवाद



विवाद की शुरुआत तब हुई जब कंपनी ने ब्रिटेन के बर्मिंघम में नए शोरूम के प्रचार के लिए पाकिस्तानी इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर अलिश्बा खालिद को नियुक्त किया। खालिद पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत की सर्जिकल स्ट्राइक की आलोचना करने का आरोप है। कंपनी का कहना है कि खालिद को काम पर रखने का समझौता हमले से काफी पहले किया गया था और उन्हें उनके पाकिस्तानी संबंधों की जानकारी नहीं थी।

### 442 लिंक की लिस्ट कोर्ट में पेश

मालाबार गोल्ड ने कोर्ट को बताया कि खालिद से जुड़े विवाद के चलते प्रतिस्पर्धी कंपनियां साजिश के तहत उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रही हैं। कंपनी ने 442 आपत्तिजनक यूआरएल की सूची हाई कोर्ट में सौंपी है। कोर्ट ने सोशल मीडिया साइटों को निर्देश दिया है कि वे आगे ऐसी कोई भी मानहानिकारक सामग्री प्रकाशित न करें और मौजूदा पोस्ट हटाएं। इस मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को होगी।

# धारावी के कांग्रेस नेता और सामाजिक कार्यकर्ता बाबू भाई का निधन

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



धारावी के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता और कांग्रेस नेता बाबू भाई का मंगलवार को सायन अस्पताल में निधन हो गया। बाबू भाई ने अपनी पूरी जिंदगी समाज सेवा और लोगों की भलाई के लिए समर्पित की। वे हमेशा जरूरतमंदों की मदद करते रहे और उनकी मेहनत और निष्ठा के लिए उन्हें पूरे इलाके में सम्मान मिलता था।

बाबू भाई का राजनीति से भी गहरा लगाव था और उन्होंने जीवनभर कांग्रेस पार्टी से जुड़े रहते हुए समाज में बदलाव लाने का काम किया। उनके निधन की खबर से क्षेत्रवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं में गहरा शोक व्याप्त है।

मुंबई कांग्रेस प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन ने कहा कि बाबू भाई हमेशा लोगों के दिलों में यादगार रहेंगे। सभी से अपील है कि वे उनके लिए दुआ करें और ईश्वर उनके परिवार को यह कठिन समय सहन करने की शक्ति दें। बाबू भाई का जाना धारावी और मुंबई कांग्रेस के लिए अपूरणीय क्षति है।

# मंदिर बाढ़ पीड़ितों की मदद कर रहे तो अन्य धार्मिक समुदाय क्यों नहीं: उपाध्ये

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



महाराष्ट्र भाजपा के प्रवक्ता केशव उपाध्ये ने मंगलवार को कहा कि राज्य में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए कई मंदिर आगे आए हैं, लेकिन अन्य धार्मिक समुदायों के पूजा स्थलों ने ऐसा सहयोग नहीं किया है। उपाध्ये ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में दावा किया कि यह हिंदू या मुस्लिम का मुद्दा नहीं, बल्कि संवेदनशीलता का मुद्दा है। उपाध्ये ने बताया कि राज्य अत्यधिक बारिश और बाढ़ से जूझ रहा है, लाखों परिवार संकट में हैं और सैकड़ों लोग इस आपदा से तबाह हो गए हैं।

### भाजपा प्रवक्ता ने उठाए सवाल

उपाध्ये ने कहा कि 'ऐसे कठिन समय में, कई हिंदू मंदिरों ने राज्य सरकार के साथ-साथ सीधे प्रभावित लोगों को बड़े पैमाने पर और पारदर्शी तरीके से मदद कर एक मिसाल कायम की है, लेकिन राज्य में अन्य धर्मों के पूजा स्थल - दरगाहें और मस्जिदें - पीछे क्यों हैं? उनके प्रशासन के पास करोड़ों रुपये की धनराशि है, इसके बावजूद मदद का कोई एलान नहीं किया गया है। बाढ़ पीड़ितों को कोई राहत क्यों नहीं दी गई? सवाल हिंदू या मुसलमान का नहीं, बल्कि संवेदनशीलता का है।'

### कई मंदिरों ने दी करोड़ों रुपये की सहायता

भाजपा नेता ने खास तौर पर तुलजाभवानी मंदिर, शेगांव गजानन महाराज संस्थान और सिद्धिविनायक मंदिर का हवाला देते हुए कहा कि इन सभी ने पारदर्शी तरीके से सरकार को करोड़ों रुपये की सहायता भेजी है। उन्होंने कहा कि कई मंदिरों, ट्रस्टों और सार्वजनिक संगठनों ने अपनी क्षमता के अनुसार, संकटग्रस्त लोगों को मदद पहुंचाई है।

### महाराष्ट्र भारी बारिश और बाढ़ से जूझ रहा

राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधते हुए उपाध्ये ने कहा कि जो नेता और विचारक कभी हिंदुत्व का नकली मुखौटा पहनते हैं और कभी गंगा-जमुनी संस्कृति के प्रति प्रेम का दावा करते हैं लेकिन मंदिरों का मजाक उड़ाते हैं और हिंदुओं की आलोचना करते हैं, उन्हें स्वयं इन सवालों पर विचार करना चाहिए। महाराष्ट्र के कई हिस्सों में, जिनमें सूखाग्रस्त मराठवाड़ा क्षेत्र भी शामिल है, हाल ही में भारी बारिश और बाढ़ आई, जिससे भारी नुकसान हुआ है।

# बॉम्बे हाईकोर्ट में मैनहोल का मुद्दा

## खुले मैनहोल में गिरकर तेरह वर्षीय किशोर की हुई थी मौत

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट में मंगलवार को खुले मैनहोल से जुड़ी सुरक्षा पर दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की गई। वकील रुजू ठक्कर ने अदालत के समक्ष डोंबिवली की हालिया घटना का हवाला देते हुए कहा कि न्यायिक निर्देशों के बावजूद महानगर पालिकाओं की लापरवाही के कारण आम नागरिकों की जान जा रही है।

### पुरानी त्रासदी की यादें ताजा



इस घटना ने 2017 की उस त्रासदी को याद दिला दिया, जब प्रख्यात गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. दीपक अमरापुरकर की बाढ़ के दौरान प्रभादेवी में खुले मैनहोल में गिरकर मौत हो गई थी। उस समय हाई कोर्ट ने सभी महानगर पालिकाओं को सुरक्षात्मक ग्रिल लगाने का आदेश दिया था। मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने आदेश का पालन किया, लेकिन केडीएमसी समेत अन्य निकाय अब तक नाकाम रहे हैं।

### डोंबिवली में मासूम की दर्दनाक मौत

28 सितंबर की रात करीब 10.30 बजे डोंबिवली के दावाचीपाड़ा में 13 वर्षीय आयुष कदम खुले मैनहोल में गिरकर नाले में बह गया। स्वामी विवेकानंद स्कूल के कक्षा आठ का छात्र दोस्तों के साथ खेल रहा था, तभी यह हादसा हुआ। करीब एक घंटे की तलाश के बाद दमकल विभाग ने उसका शव बरामद किया।

### इलाके में बढ़ा आक्रोश

घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (केडीएमसी) पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। हालांकि, केडीएमसी अधिकारियों ने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि नाला और आसपास का क्षेत्र मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के अधिकार क्षेत्र में आता है, जो मरम्मत कार्य कर रहा था। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति संदेश पाटिल की पीठ ने मामले को गंभीरता से लिया और कहा कि रास्तों पर गड्ढों से संबंधित याचिका पर 6 अक्टूबर को सुनवाई होगी। पीठ ने वकील ठक्कर से कहा कि वे मैनहोल की समस्या को भी उसी दिन विस्तृत रूप से रखें।

# दिवाली से पहले मिलेगा मुआवजा : फडणवीस

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



राज्य में हाल ही में हुई भारी बारिश और बाढ़ से किसानों और आम जनता को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। इस स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की है कि सभी प्रभावित नागरिकों को दिवाली से पहले मुआवजा दिया जाएगा। मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद उन्होंने कहा कि सरकार इस आपदा की घड़ी में नियमों से ऊपर उठकर पीड़ितों के साथ खड़ी है।

### किसानों को राहत पहुंचाने के निर्देश

फडणवीस ने कहा कि नुकसान का सर्वेक्षण तेजी से कराया जा रहा है और अगले सप्ताह से किसानों को मुआवजा मिलना शुरू हो जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी प्रभावित परिवार सहायता से वंचित न रह पाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह समय किसानों और बाढ़ पीड़ितों का साथ देने का है और सरकार हर संभव मदद करेगी।

### मंत्रियों ने रखी जिलेवार रिपोर्ट

मंत्रिमंडल की बैठक में विभिन्न मंत्रियों ने अपने-अपने जिलों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इन रिपोर्टों में फसलों की बर्बादी, मकानों और सड़कों को हुए नुकसान का ब्यौरा शामिल था। बैठक में यह भी तय किया गया कि किसानों पर बैंकों द्वारा कर्ज वापसी के नोटिस जारी करने पर तत्काल रोक लगाई जाए। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन अलर्ट मोड पर है और राहत कार्य तेजी से चल रहे हैं ताकि कोई भी पीड़ित परिवार दिवाली बिना सहायता के न गुजारे।

### केंद्र से मदद का आश्वासन, राज्य ने खुद शुरू की राहत

मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने पूरी मदद का भरोसा दिया है, लेकिन प्रस्ताव और डाटा भेजने की प्रक्रिया पूरी होने में समय लगता है। इसलिए राज्य सरकार ने केंद्र का इंतजार किए बिना राहत कार्य शुरू कर दिए हैं। फडणवीस ने कहा कि जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य किट, राशन और अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाई जा रही है।

# हाफकिन को मिलेगा 25 करोड़ का अनुदान

## हाफकिन को सशक्त बनाने की सिफारिशों को लागू करने के लिए तीन सदस्यीय समिति

**दीपक पवार | मुंबई**

उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अध्यक्षता में हुई बैठक में हाफकिन बायोफार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन को 25 करोड़ रुपये देने का निर्णय लिया गया है। यह राशि पोलियो टीकों के उत्पादन के लिए सरकार द्वारा हाफकिन की खरीद पर लगने वाले 2 प्रतिशत उपकर से दी जाएगी। हाफकिन संस्थान ने वैक्सीन निर्माण और पोलियो उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जबकि केंद्र सरकार ने 26.8 करोड़ ओरल पोलियो वैक्सीन की मांग रखी है।



### समिति की रिपोर्ट और 5 वर्षीय रोडमैप

हाफकिन संस्थान को सशक्त बनाने के लिए डॉ. रघुनाथ माशेलकर समिति गठित की गई थी, जिसकी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी गई है। उपमुख्यमंत्री पवार ने निर्देश दिए कि समिति की सिफारिशों को लागू करने के लिए एक नई समिति बनाई जाए। इसमें चिकित्सा शिक्षा, जन स्वास्थ्य और योजना विभागों के सचिव शामिल होंगे। साथ ही, हाफकिन के लिए 5 वर्षीय रोडमैप तैयार करने के आदेश भी दिए गए हैं।

**पश्चिम रेलवे**

**निर्माण कार्य**

विरार वरिष्ठ डीईएन (दक्षिण)/ एमएमसीटी, मुंबई सेंट्रल, **ई-निविदा सूचना संख्या: बीसीटी /25-26/239, दिनांक 26.09.2025 आमंत्रित करते हैं । कार्य एवं स्थान:** चर्चगेट खंड: एडीईएन (टी/एस) लोअर परेल और एडीईएन (टी/एन) बोरीवली खंड के अंतर्गत 25-26 के दौरान स्वीकृत ट्रैक कार्यों के संबंध में नई आरसीसी नालियों का निर्माण और मौजूदा नालियों की मरम्मत। **कार्य की अनुमानित लागत:** 6,72,57,397.71 **बयाना राशि:** 4,86,300/-**जमा करने की तिथि एवं समय:** 24.10.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि एवं समय:** 24.10.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ।

0648

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

संपादकीय

# कक्षा में क्रूरता

निश्चय ही पानीपत की वह घटना किसी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है, जिसमें एक सात साल के बच्चे को उसके शिक्षक ने सबक सिखाने के लिये कक्षा में उलटा लटका दिया। वाकई यह एक शर्मनाक घटना है, जिसका मानसिक आघात बच्चे के मन पर जीवनपर्यंत बना रह सकता है। यह घटना शहरी इलाके में घटित हुई है लेकिन देश के ग्रामीण व दूरदराज के इलाकों में ऐसे वाकये अपवाद नहीं हैं। गाहे-बगाहे ऐसी घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बनती रहती हैं, जिसमें शिक्षक क्रूरता की हदें पार करते नजर आते हैं। विगत के दशकों में बच्चों के साथ स्कूलों में निर्मम व्यवहार एक परेशान करने वाले पैटर्न का हिस्सा रहा है। बताते हैं कि पानीपत की परेशान करने वाली घटना का कारण छात्र द्वारा कथित तौर पर होमवर्क न करना रहा है। जिसके चलते इस छात्र को यह अमानवीय सजा दी गई। एक वायरल हुए वीडियो में देखा जा रहा है कि यह बच्चा असहाय और सहमा लटका नजर आ रहा था। कक्षा के अन्य डरे सहपाठी उसे देख रहे थे। अंदाजा लगाना कठिन नहीं है कि इस घटना से बच्चे के मन-मस्तिष्क पर कितना बड़ा आघात पहुंचा होगा। जिससे शायद ही जीवनभर वह मुक्त हो पाए। इस वीडियो के वायरल होने के बाद समाज के विभिन्न वर्गों में व्यापक आक्रोश देखा गया। हालांकि, यह घटना बीते अगस्त माह की बतायी जा रही है, लेकिन इसका वीडियो देर से पिछले दिनों सामने आया। जिसको लेकर समाज में तल्ख प्रतिक्रिया देखी जा रही है। इसे वाकये को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं कि स्कूल प्रशासन ने मामले को क्यों दबाया? क्या स्थानीय प्रशासन को इसकी भनक नहीं लगी? वहीं दूसरी ओर सवाल यह भी उठाये जा रहे हैं कि अभिभावकों ने इस घटना के बाबत समय रहते शिकायत क्यों नहीं की? निश्चय ही ऐसे सभी सवालों के जवाब सामने आने चाहिए। विडंबना यह है कि यह सिर्फ पानीपत की ही अकेली घटना नहीं है। सिर्फ सितंबर में ही देश के विभिन्न भागों से स्तब्ध करने वाली कई घटनाएं सामने आई हैं। ऐसी ही एक परेशान करने वाली घटना छत्तीसगढ़ में प्रकाश में आई है। जहां एक लड़की को सौ बार उठक-बैठक करने पर मजबूर किया गया। उसे तब तक पीटा गया जब तक वह चलने लायक रही। एक विचलित करने वाली घटना में नागपुर में कचरा साफ करने से इनकार करने पर कक्षा पांच की दो छात्राओं को डंडे से पीटा गया। इसी तरह विशाखापत्तनम में एक प्रधानाचार्य ने दो किशोरों को लोहे के स्केल से पीट कर प्रताड़ित किया। बिहार की एक घटना में छात्रों को सजा देने के लिये एक कमरे में बंद कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश की एक घटना में छात्र का कंधा ही टूट गया। ये घटनाएं संकेत दे रही हैं कि सुरक्षित बचपन का दावा कितना खोखला है। यूं तो छात्रों को प्रताड़ित करना कानून की दृष्टि से प्रतिबंधित है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 17 शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न पर प्रतिबंध लगाती है। किशोर न्याय अधिनियम में बच्चों के साथ क्रूरता के लिये तीन साल तक की जेल की सजा का प्रावधान है। अगर चोट या गंभीर चोट पहुंचायी जाती है, तो आईपीसी की धाराओं में मुकदमा चलाने का प्रावधान है। फिर भी ऐसे कई मामलों में, निलंबन या बर्खास्तगी से आगे कार्रवाई शायद ही कभी आगे बढ़ती है। ऐसे मामलों में पुलिस कार्रवाई और गिरफ्तारियां तभी होती हैं, जब समाज में जनाक्रोश सीमाएं लांघने लगता है। ऐसे केस में दोष सिद्धि तो और भी दुर्लभ होती है। यह स्थिति उन लोगों का हौसला बढ़ाती है जो इस पुरानी मान्यता को मानते हैं कि डर से ही अनुशासन संभव होता है।

शख्सियत | शारदा सिन्हा

## बिहार कोकिला शारदा सिन्हा



शारदा सिन्हा (1 अक्टूबर 1952 - 5 नवंबर 2024) एक भारतीय लोक और शास्त्रीय गायिका थीं। बिहार से ताल्लुक रखने वाली, उन्होंने मुख्य रूप से मैथिली और भोजपुरी भाषा में गाया और उन्हें बिहार कोकिला, बिहार की कोयल कहा जाता है। सिन्हा ने विवाह गीत, छठ गीत सहित कई लोक गीत गाए हैं। 1991 में, उन्हें संगीत में उनके योगदान के लिए पद्म श्री पुरस्कार मिला।

सिन्हा का जन्म 1 अक्टूबर 1952 को बिहार के सुपौल ज़िले के राघोपुर प्रखंड के हुलास गाँव में हुआ था। वे एक भूमिहार परिवार से थीं और अपने माता-पिता की नौ संतानों में एकमात्र बेटी थीं। बचपन से ही वे संगीत के प्रति गहरी रुचि रखती थीं और गाँव के वातावरण में सुने गए लोकगीतों ने उनके मन पर गहरी छाप छोड़ी। विवाह के बाद उनका ससुराल बेगूसराय ज़िले के सिहमा गाँव में हुआ, लेकिन उन्होंने अपनी कला और लगन से हर जगह संगीत की पहचान बनाई।

शारदा सिन्हा ने संगीत की शिक्षा स्थानीय स्तर पर प्रारंभ की और बाद में प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से भी शास्त्रीय संगीत की विधिवत शिक्षा प्राप्त की। शास्त्रीय संगीत की बारीकियों का अध्ययन करने के बावजूद उनका मन हमेशा लोकधुनों में रमा रहा। उनकी आवाज़ में शास्त्रीयता और लोकधुनों का अद्भुत मेल था, जो उन्हें दूसरों से अलग बनाता था। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मैथिली गीतों से की और धीरे-धीरे भोजपुरी, मगही और हिंदी गीतों को भी अपनी आवाज़ दी। प्रयाग संगीत समिति द्वारा आयोजित बसंत महोत्सव और छठ महोत्सव जैसे आयोजनों में उनकी प्रस्तुतियों ने उन्हें व्यापक पहचान दिलाई।

उनकी गायकी केवल लोकसंगीत तक सीमित नहीं रही। हिंदी फिल्मों में भी उन्होंने अपनी आवाज़ का जादू बिखेरा। सलमान खान की पहली फिल्म मैंने प्यार किया का गीत "काहे तोसे सजना" उनके करियर का मील का पत्थर बना। इसके बाद गैंग्स ऑफ वासेपुर 2 का "तार बिजली", चारफुटिया छोकरे का "कौन सी नगरिया" और देसवा जैसे गीतों से उन्होंने साबित किया कि उनकी आवाज़ हर शैली में उतनी ही प्रभावशाली है। उनके गीतों ने आम लोगों की भावनाओं और संस्कारों को अभिव्यक्ति दी और उन्हें लोक की आत्मा का स्वर बना दिया।

संगीत में उनके योगदान को अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाज़ा गया। उन्हें 1991 में पद्मश्री, 2000 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 2018 में पद्मभूषण और मरणोपरांत 2025 में पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया। ये सम्मान उनके जीवन की उपलब्धियों की पुष्टि करते हैं और बताते हैं कि उन्होंने अपने संगीत से न केवल लोक परंपराओं को बचाए रखा बल्कि उन्हें विश्व स्तर पर भी पहुँचाया।

उनका व्यक्तिगत जीवन भी संघर्षों और भावनाओं से भरा रहा। 1970 में उन्होंने ब्रजकिशोर सिन्हा से विवाह किया और उन्हें एक बेटा अंशुमान और एक बेटी वंदना हुए। जीवन के अंतिम वर्षों में वे कई कठिनाइयों से गुज़रीं। 2017 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा जैसी गंभीर बीमारी ने घेर लिया। इसी दौरान सितंबर 2024 में उनके पति का निधन ब्रेन हैमरेज से हो गया, जिससे वे मानसिक और शारीरिक दोनों रूप से कमजोर हो गईं। 5 नवंबर 2024 को वे एम्स दिल्ली में वेंटिलेटर पर थीं और उसी रात उन्होंने 72 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार 7 नवंबर को पटना में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया।

शारदा सिन्हा की गायकी केवल संगीत नहीं थी, बल्कि वह संस्कृति, परंपरा और भावनाओं की जीवंत अभिव्यक्ति थी। उनके छठ गीतों की गूंज हर साल सूर्यदेव की उपासना के समय सुनाई देती है और विवाह के अवसर पर उनके गाए गीत नई-नवेली दुल्हनों और परिवार की खुशियों में रंग भरते हैं। वे आज भी लाखों-करोड़ों लोगों की भावनाओं का हिस्सा हैं। उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को यह प्रेरणा देती है कि साधारण परिवेश से निकलकर भी कोई व्यक्ति अपनी लगन और प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान बना सकता है। शारदा सिन्हा हमेशा बिहार की आत्मा और भारत की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में अमर रहेंगी।

# लेह- लद्दाख का आंदोलन, हिंसा और राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौती



रणजीत सिंह
वरिष्ठ पत्रकार हैं, वर्तमान में ANI महाराष्ट्र ब्यूरो चीफ हैं।



*लद्दाख में पूर्ण राज्य का दर्जा और कुछ अन्य मांगों को लेकर शुरू हुआ सोनम वांगचुक का आंदोलन जब अचानक हिंसात्मक हो गया, तो इसके कई निहितार्थ सामने आए। एक ओर कुछ लोग इसे नेपाल और बांग्लादेश जैसे देशों में हाल ही में हुए जन आंदोलनों की तर्ज पर भारत में उभरते एक बड़े असंतोष के रूप में देखने लगे, तो दूसरी ओर कुछ ने इसे महज स्थानीय नागरिक असंतोष माना। वहीं सत्ता पक्ष के नेताओं ने इसे आपराधिक षड्यंत्र का हिस्सा बताते हुए भारत को अस्थिर करने की सुनियोजित कोशिश करार दिया।*

इस आंदोलन की शुरुआत अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण ढंग से हुई थी। लद्दाख जैसे दूरस्थ और कम जनसंख्या वाले इलाके में नागरिक सुविधाओं की कमी, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी चिंताएँ लंबे समय से उठाई जाती रही हैं। इन्हीं के साथ लेह-लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग भी जोर पकड़ रही थी। किंतु आंदोलन का हिंसात्मक स्वरूप धारण कर लेना और देश भर से समर्थन जुटाने के प्रयास ने स्थिति को संवेदनशील बना दिया। हालांकि अब हिंसा थम चुकी है और आंदोलन के अगुआ सोनम वांगचुक विभिन्न आपराधिक धाराओं में गिरफ्तार हो चुके हैं, लेकिन इससे राष्ट्रीय स्तर पर बहस तेज हो गई है।

### सोनम वांगचुक का सफर और बदलती भूमिका

सोनम वांगचुक पहली बार राष्ट्रीय सुर्खियों में तब आए जब उनकी रियल लाइफ से प्रेरित फिल्म थ्री इडियट्स आई। प्रारंभिक पहचान उन्होंने एक शिक्षाविद के तौर पर बनाई और शिक्षा सुधार के क्षेत्र में उनकी सक्रियता ने उन्हें एक सकारात्मक छवि प्रदान की। बाद के वर्षों में वे पर्यावरण संरक्षण और नागरिक अधिकारों से जुड़े आंदोलनों में सक्रिय हुए। लद्दाख की शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण संबंधी मांगों के साथ उन्होंने पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को भी मुखर रूप से रखा।

हालांकि इस दौरान उनके खिलाफ विदेशी फंडिंग लेने और भारत विरोधी अंतरराष्ट्रीय संगठनों के संपर्क में रहने जैसे आरोप समय-समय पर लगते रहे। हाल के दिनों में विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच बहस का बड़ा बिंदु यही रहा कि क्या सोनम वांगचुक का आंदोलन सिर्फ नागरिक अधिकारों के लिए था, या इसके पीछे कोई बाहरी संगठन भी काम कर रहा था। खासकर तब, जब उन पर पाकिस्तान यात्रा और भारत विरोधी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से संपर्क के आरोप लगाए गए।

### संवैधानिक और ऐतिहासिक संदर्भ

लद्दाख लंबे समय तक जम्मू-कश्मीर राज्य का हिस्सा रहा। अनुच्छेद 370 और 35A के हटने के बाद 2019 में जम्मू-कश्मीर का पुनर्गठन कर लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। उस समय लद्दाख के एक बड़े वर्ग ने इस निर्णय का स्वागत किया, लेकिन साथ ही एक बड़ी चिंता यह भी थी कि लद्दाख की सांस्कृतिक और जनजातीय पहचान को सुरक्षित रखने के लिए उसे विशेष दर्जा मिलना चाहिए। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 1 लद्दाख को भारत का अभिन्न अंग मानता है और अनुच्छेद 2 व 3 संसद को राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की सीमाओं और दर्जे में परिवर्तन का अधिकार देता है। इसीलिए पूर्ण राज्य का दर्जा मिलना पूरी तरह से एक संवैधानिक और राजनीतिक निर्णय है, जिसे संसद और केंद्र सरकार ही तय कर सकते हैं।

इतिहास गवाह है कि राज्य पुनर्गठन आयोग (1953-55) और बाद में कई बार राज्यों के पुनर्गठन हुए हैं। तेलंगाना इसका हालिया उदाहरण है। इसलिए लद्दाख की मांग को एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंतर्गत शांतिपूर्ण तरीके से रखा जा सकता है। किंतु जब यह मांग हिंसा का रूप धारण करती है और अंतरराष्ट्रीय ताकतों के कथित हस्तक्षेप के आरोप लगते हैं, तब यह राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंभीर सवाल खड़े करती है।

### हिंसा से पहले की चेतावनी और उसके निहितार्थ

लेह-लद्दाख हिंसा से ठीक पहले सोनम वांगचुक द्वारा नेपाल की तर्ज पर भारत के युवाओं को बड़े पैमाने पर आंदोलन के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी गई थी। कुछ ही समय बाद वहां हिंसा भड़क उठी। इसे महज संयोग कहना कठिन है। यही कारण है कि सत्ता पक्ष इसे भारत को अस्थिर करने की प्रयोगशाला करार दे रहा है। यह तर्क पूरी तरह निराधार नहीं माना जा सकता, क्योंकि हाल के दिनों में विपक्षी दल भी बेरोजगारी, महंगाई और चुनावी गड़बड़ियों के मुद्दे उठाकर युवाओं को आंदोलनों के लिए बार-बार प्रेरित कर रहे हैं। नेपाल और बांग्लादेश में हालिया हिंसक आंदोलनों का हवाला देकर यह आशंका जताना स्वाभाविक है कि भारत में भी ऐसी स्थिति उत्पन्न की जा सकती है।

### विपक्ष की भूमिका और दोहरा रवैया

विपक्षी दल अक्सर केंद्र और एनडीए शासित राज्य सरकारों पर बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर निशाना साधते हैं जो काफी हद तक सही भी है । लेकिन बात अटपटी तब हो जाती है जब विपक्ष-शासित राज्यों की स्थिति का आंकलन किया जाए, तो हिमाचल प्रदेश,पंजाब, झारखंड, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में हालात किसी भी दृष्टि से बेहतर नहीं हैं। कहीं-कहीं तो बेरोजगारी और महंगाई का स्तर अन्य राज्यों से भी अधिक है। ऐसे में विपक्ष का केवल केंद्र और भाजपा शासित राज्यों पर आरोप लगाना और खुद की जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लेना उनकी राजनीतिक मंशा पर सवाल खड़े करता है। अगर यही आधार बनाकर देश में हिंसक आंदोलनों को भड़काया जाता है, तो यह किसी बड़ी साजिश का संकेत भी माना जा सकता है।

### अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य और सुरक्षा आयाम

लद्दाख सिर्फ एक राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी बेहद संवेदनशील क्षेत्र है। यह चीन, पाकिस्तान और पीओके से सटे गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के करीब है। ऐतिहासिक रूप से यह क्षेत्र भारत-चीन और भारत-पाक संघर्ष का केंद्र रहा है। कारगिल युद्ध इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।

ऐसे में लद्दाख में कोई भी अस्थिरता सिर्फ स्थानीय समस्या नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से सीधे जुड़ा सवाल है। अंतरराष्ट्रीय ताकतें लंबे समय से भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रही हैं। यदि देश के भीतर राजनीतिक दल या नेता अनजाने में या जानबूझकर उनके एजेंडे को हवा देते हैं, तो यह स्थिति और खतरनाक हो जाती है।

### निष्कर्ष

लद्दाख का आंदोलन केवल स्थानीय मांगों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसके हिंसक होने और राजनीतिक-सामाजिक परिणामों ने इसे राष्ट्रीय बहस का विषय बना दिया। सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद यह चर्चा और तेज हो गई है कि क्या वे वास्तव में नागरिक अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे थे या किसी बड़े षड्यंत्र का हिस्सा थे।

आज आवश्यकता इस बात की है कि देश में बेरोजगारी, महंगाई और नागरिक सुविधाओं की कमी जैसे वास्तविक मुद्दों पर संवेदनशील और ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही, इस संभावना को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि अंतरराष्ट्रीय और घरेलू राजनीतिक ताकतें मिलकर भारत में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश करें।

जीवन मंत्र

## हर कठिन समय बीत ही जाता है

कठिनाइयाँ हमें सिखाती हैं कि जीवन का मूल्य क्या है और छोटी-सी खुशी भी कितनी बड़ी बन सकती है। यही कारण है कि कठिन समय बीत जाने के बाद हमें लगता है कि हमने अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण अध्याय पूरा किया है और अब हम और अधिक मजबूत हो चुके हैं।

जीवन एक निरंतर बदलती धारा की तरह है, जिसमें कभी सुखद अनुभव आते हैं तो कभी कठिनाइयाँ। जब हम किसी चुनौती या दुख से गुजर रहे होते हैं, तो हमें लगता है कि यही स्थायी है और यही हमारी पूरी ज़िंदगी का सच बन जाएगा। लेकिन सच्चाई यह है कि समय कभी स्थिर नहीं रहता। हर कठिन समय, चाहे कितना भी भारी क्यों न लगे, धीरे-धीरे बीत ही जाता है। जैसे रात के अंधकार के बाद सुबह का उजाला आता है, वैसे ही जीवन की मुश्किलें भी अस्थायी होती हैं और अंततः उनका स्थान आसानियों और नई संभावनाओं से भर जाता है।

कठिन समय में इंसान की सहनशक्ति और धैर्य की सबसे बड़ी परीक्षा होती है। यह सच है कि उस वक्त समस्याएँ हमें हताश और निराश कर देती हैं, लेकिन यदि हम धैर्य बनाए रखें और विश्वास न खोएँ, तो वह समय धीरे-धीरे पीछे छूट जाता है। कठिनाइयाँ हमारे जीवन में हमें मजबूत बनाने और हमें नई सीख देने के लिए आती हैं। जब कठिन



समय गुजर जाता है और हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो समझ आता है कि उस दर्द और संघर्ष ने हमें और अधिक परिपक्व और दृढ़ बना दिया। इस विचार को प्रकृति से भी समझा जा सकता है। गर्मी के प्रचंड मौसम के बाद बारिश की ठंडी बूँदें राहत देती हैं, और ठंडी सर्दियों के बाद वसंत का रंगीन मौसम जीवन में नई ऊर्जा भर देता है। अगर ऋतुएँ बदल सकती हैं, तो जीवन के हालात भी अवश्य बदलते हैं। यह हमें विश्वास दिलाता है कि चाहे परिस्थिति कितनी भी कठिन क्यों न हो, वह हमेशा के लिए नहीं रह सकती। परिवर्तन जीवन का नियम है और यही हमें आशा की ओर ले जाता है। हर कठिन समय इंसान को अपने भीतर झाँकने और आत्मबल खोजने का अवसर भी देता है। जब इंसान अपने डर, दर्द और असफलताओं से गुजरता है, तब उसे अपने अंदर छिपी ताक़त का एहसास होता है। कठिनाइयाँ हमें सिखाती हैं कि जीवन का मूल्य क्या है और छोटी-सी खुशी भी कितनी बड़ी बन सकती है। यही कारण है कि कठिन समय बीत जाने के बाद हमें लगता है कि हमने अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण अध्याय पूरा किया है और अब हम और अधिक मजबूत हो चुके हैं।

जीवन ऊर्जा

एनी बेसेन्ट : जन्म-1 अक्टूबर 1847 | जन्म

## विचार चरित्र का निर्माण करता है

डॉ एनी बेसेन्ट (1 अक्टूबर 1847 - 20 सितम्बर 1933) अग्रणी आध्यात्मिक, थियोसोफिस्ट, महिला अधिकारों की समर्थक, लेखक, वक्ता एवं भारत-प्रेमी महिला थीं। सन 1917 में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्षा भी बनीं। एनी बेसेंट से प्रेरणा पाकर भारत के कई समाज सेवकों को बल मिला। इन्होंने माउंट एवरेस्ट पे कभी चढ़ाई नहीं किया, कुछ भ्रांतियां है जो गलत है।

मनुष्य के जीवन में विचारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। हमारे मन में जो भी विचार उत्पन्न होते हैं, वे धीरे-धीरे हमारी आदतों और व्यवहार का रूप ले लेते हैं। यदि विचार सकारात्मक और सच्चाई से जुड़े हों, तो वे हमारे चरित्र को उज्ज्वल बनाते हैं। इसके विपरीत, यदि विचार नकारात्मक और स्वार्थपूर्ण हों, तो चरित्र भी उसी दिशा में ढल जाता है। इसलिए यह कहा जाता है कि जैसा हमारा मन सोचता है, वैसा ही हमारा व्यक्तित्व बनता है।

हर महान व्यक्तित्व के पीछे उनके विचारों की शक्ति होती है। महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जैसे महापुरुषों ने अपने विचारों से ही एक महान चरित्र का निर्माण किया और दुनिया



के सामने आदर्श स्थापित किए। उनके मन में सदैव सत्य, अहिंसा, कर्तव्य और सेवा जैसे उच्च विचार रहते थे, जिन्होंने उनके चरित्र को अटूट बना दिया। यह उदाहरण स्पष्ट करता है कि विचार सिर्फ मन तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे हमारी पूरी पहचान को गढ़ते हैं। विचार मनुष्य के कर्मों को प्रभावित करते हैं और कर्म ही उसके चरित्र का वास्तविक आधार बनते हैं। यदि हमारे विचार पवित्र और प्रेरणादायक होंगे, तो हमारे कर्म भी वैसा ही रूप लेंगे। धीरे-धीरे यही कर्म हमारे व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाते हैं और लोग हमें हमारे चरित्र के आधार पर पहचानने लगते हैं। यही कारण है कि व्यक्ति को अपने विचारों की शुद्धता पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि वही आगे चलकर उसके चरित्र का निर्माण करते हैं।

सकारात्मक विचार न केवल व्यक्ति के चरित्र को मजबूत बनाते हैं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में उसे धैर्यवान और साहसी भी बनाए रखते हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## मनुष्य और विज्ञान का संबंध

आज की स्कूल और कॉलेज की शिक्षा पद्धति में आत्मा और परमात्मा जैसे गहन तत्वों की चर्चा कहीं सुनाई या दिखाई नहीं देती। विद्यालयों और महाविद्यालयों में ऐसा कोई पाठ्यक्रम नहीं है जिसमें इन विषयों पर व्यवस्थित रूप से शिक्षा दी जाती हो। यही कारण है कि अधिकांश लोगों को यह ज्ञात ही नहीं होता कि हम वास्तव में कौन हैं, हमारे जीवन का उद्देश्य क्या है और हमें जीवन किस प्रकार जीना चाहिए। जब शिक्षा से आत्मा और परमात्मा दोनों को निकाल दिया गया, तो शेष क्या बचा?



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556

केवल प्रकृति। और केवल प्रकृति में तो भोग-विलास ही रह जाता है। इसीलिए आज की शिक्षा प्रणाली का मुख्य केंद्र-बिंदु धन, संपत्ति और भोग-विलास बन चुका है। सारी पढ़ाई-लिखाई इसी उद्देश्य को सामने रखकर कराई जाती है, जो अंततः मानव जीवन के विनाश का कारण बन रही है। अतः यह आवश्यक है कि विद्यालयों और महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम में आत्मा और परमात्मा का भी समावेश किया जाए। जब संसार के तीन मूल तत्त्व – आत्मा, परमात्मा और प्रकृति – हैं, तो केवल प्रकृति का ज्ञान देकर शेष दो का ज्ञान न देना मानव जाति के साथ एक गंभीर अन्याय और धोखा है। इसका दोष उन सब लोगों पर है जो शिक्षा नीति से जुड़े हुए हैं।

प्राचीन काल में वेदों के अनुसार गुरुकुलों में आत्मा, परमात्मा और अन्य आध्यात्मिक विषयों की शिक्षा दी जाती थी। उस समय जीवन का लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति माना जाता था। मोक्ष प्राप्ति को ही सामने रखकर शिक्षा, शासन व्यवस्था और सभी योजनाएँ बनाई जाती थीं। मोक्ष प्राप्ति के लिए उत्तम मनुष्य का निर्माण आवश्यक है, और यह संयम, सदाचार, ब्रह्मचर्य, ईश्वर का ध्यान, उपासना, तपस्या, परोपकार और अन्य श्रेष्ठ कर्मों से संभव होता है। अच्छे जीवन के



निर्माण में सह-शिक्षा बाधक सिद्ध होती है। सह-शिक्षा का अर्थ है – कन्याओं और पुरुषों को एक ही पाठशाला में साथ पढ़ाना। यह व्यवस्था चरित्र को नष्ट करने वाली है, क्योंकि इससे धीरे-धीरे एक-दूसरे के प्रति आकर्षण बढ़ता है और अंततः चरित्रहीनता और भ्रष्टाचार तक पहुँच जाता है। मनुष्य अपने जीवन के लक्ष्य से भटक जाता है। छोटी उम्र में ही शरीर की शक्तियाँ नष्ट हो जाती हैं और बुद्धि का सही विकास नहीं हो पाता। इसीलिए वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए आवश्यक है कि शिक्षा तो सबको मिले, परंतु सह-शिक्षा न होकर कन्याओं और पुरुषों की शिक्षा की व्यवस्था पृथक-पृथक हो। प्राचीन समय में केवल गुरुकुल होते थे, आज की तरह के विद्यालय और महाविद्यालय नहीं। कन्याओं और पुरुषों के गुरुकुल अलग-अलग होते थे, जो नगर और ग्राम से दूर, जंगलों के शुद्ध वातावरण में स्थित रहते थे। वहाँ विद्यार्थी ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए एकाग्र होकर पढ़ाई करते थे, व्यायाम करते, ईश्वर की उपासना करते और अपने शारीरिक, बौद्धिक एवं आत्मिक शक्तियों का विकास करते हुए सर्वांगीण उन्नति प्राप्त करते थे।

अतः शिक्षा नीति से जुड़े सभी लोगों से हमारा विनम्र निवेदन है कि वे प्राचीन गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति को समझें और उसे पुनः संसार में जागृत तथा लागू करें। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि सर्वशक्तिमान, न्यायकारी और दयालु ईश्वर उन्हें सद्बुद्धि प्रदान करें।

## अपने विचार

आपने पीसीबी प्रमुख नक़वी से ट्रॉफी नहीं ली, लेकिन मैंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें भारतीय कप्तान उनसे हाथ मिलाते, उनके साथ चाय पीते और तस्वीरें खिंचवाते दिख रहे हैं। क्या आपको लगता है कि जनता मूर्ख है?



**-संजय राउत**, नेता, शिवसेना(यूबीटी)

'तेजस्वी यादव पागल हैं, उनके पिताजी (लालू यादव) ने ही मुझे दलित समझकर मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटाया था।'



**-जीतन राम मांझी**, संस्थापक, हम पार्टी

मैंने मुखालफत नहीं की थी इसीलिए जीत हुई। उस जीत को मेरी हार न समझा जाए, बात खराब हो जाएगी, बात बहुत खराब हो जाएगी।



**-आजम खान**, नेता, समाजवादी पार्टी

मैं इस्लाम में घुस गई कुप्रथाओं, अंधविश्वासों, कट्टरता और अज्ञानता का कतई समर्थक नहीं हूं। किंतु मोहम्मद साहब को बहुत बड़ा महापुरुष मानता हूं और मानता हूं कि उनकी शिक्षाएं मानव मात्र के लिए हैं।



**-राजकुमार भाटी**, प्रवक्ता, समाजवादी पार्टी

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़




अष्टमी के दिन गुलाबी रंग के वस्त्र धारण किए हुए महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी (महापारेषण), मुंबई की महिला कर्मचारी।



अष्टमी के दिन, मध्यवर्ती खरेदी विभाग और महापारेषण की महिला कर्मचारी गुलाबी रंग के वस्त्र धारण किए हुए नजर आईं।



के.बी. भाभा रुग्णालय, कुर्ला के कर्मचारी गुलाबी रंग के वस्त्र धारण किए हुए नजर आए।

### हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन

**मुंबई।** राजभाषा विभाग, मुंबई मंडल द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में 15 से 26 सितंबर 2025 तक 'राजभाषा पखवाड़ा' का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक श्री हिरेश मीना ने हिंदी दिवस संदेश वाचन से किया। इस दौरान उन्होंने सरल और सहज हिंदी के प्रयोग-प्रसार पर बल दिया तथा विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं जैसे निबंध, वाक्, टिप्पण आलेखन, समाचार पत्र वाचन, सुलेखन और पुस्तक समीक्षा लेखन प्रतियोगिता की जानकारी दी। सानपाडा कारशेड में निबंध और हिंदी पहेली प्रतियोगिता, कुर्ला कारशेड में 'चित्र बोलते हैं', कविता लेखन और निबंध लेखन, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पर निबंध, सुलेखन, पुस्तक समीक्षा, स्वरचित कविता वाचन और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कल्याण रेलवे स्कूल में भी विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी तरुण कुमार ने महाप्रबंधक का संदेश पढ़ा। 25 सितंबर 2025 को हुई मुंबई मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 192वीं तिमाही बैठक में विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा बैठक का संचालन मंडल कार्मिक अधिकारी एवं वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी विपिन कुमार सिंह ने किया।

### अंबरनाथ में 'नशामुक्ति' का संकल्प



**अंबरनाथ।** अंबरनाथ (पश्चिम) के खुंटवली में जय भवानी सेवाभावी संस्था द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव के दौरान नागरिकों ने सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की उपस्थिति में "नशामुक्त अंबरनाथ" का संकल्प लिया और शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर डॉ. शिंदे ने कहा कि नशामुक्त समाज बनाने की जिम्मेदारी केवल पुलिस की नहीं, बल्कि हर नागरिक की है। युवाओं से उन्होंने आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा नशे में न गंवाकर देश की प्रगति के लिए लगाएँ। आयोजन में पारंपरिक उत्सव के साथ वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान और बच्चों को शैक्षणिक पुरस्कार भी दिए गए, जिससे कार्यक्रम को सामाजिक आधार मिला।

# सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट बाढ़ पीड़ितों को देगा 10 करोड़

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। फसलों, खेतों और जीवनावश्यक वस्तुओं के नुकसान से कई जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस आपदा की गंभीरता को देखते हुए श्रीसिद्धिविनायक गणपति मंदिर न्यास ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 10 करोड़ रुपए देने का निर्णय लिया। यह निर्णय न्यास के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री सदानंद सरवणकर, कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी और सभी ट्रस्टियों की उपस्थिति में लिया गया।



### सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण

इन गतिविधियों के माध्यम से न्यास ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई है और जरूरतमंदों तक समय पर सहायता पहुंचाई है। उनका यह कदम बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत और मनोबल बढ़ाने में मदद करेगा।

### अन्य संस्थाओं को किया आह्वान

न्यास के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी ने राज्य की अन्य संस्थाओं और संगठनों से अपील की है कि वे भी मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान दें और बाढ़ पीड़ितों की मदद में हाथ बंटाएँ।

### न्यास की पूर्व आपदा सहायता

श्रीसिद्धिविनायक गणपति मंदिर न्यास पहले भी कई आपदाओं और राष्ट्रीय संकटों में सहायता करता रहा है। इनमें 2005 की भारी बारिश, 2008 के आतंकी हमले, 2013 का अकाल, 2014 की मालिन दुर्घटना, 2019 में चिपलुन के टिवरे गांव में बांध टूटने की घटना और पुलवामा आतंकी हमले में शहीदों के परिवारों को आर्थिक मदद शामिल है।

# महापारेषण को मिला पॉवर ट्रान्समिशन पुरस्कार

**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. संजीव कुमार ने बधाई दी**

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी (महापारेषण) को इस वर्ष डन एंड ब्रैडस्ट्रीट, नई दिल्ली द्वारा पॉवर ट्रान्समिशन (स्टेट पीएसयू) श्रेणी का पुरस्कार प्रदान किया गया है। नई दिल्ली स्थित होटल ताज मानसिंह में आयोजित 17वें पीएसयू एवं शासन परिषद कार्यक्रम में यह सम्मान दिया गया। महापारेषण के मुख्य अभियंता किशोर गरुड़ और जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मिलिंद आवताड़े ने केंद्रीय वित्त विभाग के सह सचिव नवीन अग्रवाल के हाथों यह पुरस्कार ग्रहण किया।

### नई परियोजनाओं के जरिए ग्रिड स्थिरता पर जोर




कंपनी ने ग्रिड स्थिरता बनाए रखने के लिए धुले और लोणीकंद (पुणे) में स्टेटकॉम परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा है। महापारेषण ने टी.बी.सी.बी.के माध्यम से परियोजनाओं में पारदर्शी और खुली भागीदारी सुनिश्चित की है। इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की जा रही है।

### देश की सबसे बड़ी पारेषण कंपनी

महापारेषण देश की सबसे बड़ी पारेषण कंपनी है, जिसने महाराष्ट्र की 30 हज़ार मेगावाट से अधिक बिजली की मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया है। कंपनी ने अल्ट्रा-हाई वोल्टेज चैनलों का मजबूत नेटवर्क तैयार किया है। बिजली क्षेत्र में नई तकनीक अपनाकर कंपनी ने ऊंचाइयों को छुआ है, जिसमें सुदूर पहाड़ी इलाकों में ड्रोन से निगरानी और उच्च प्रदर्शन वाले कंडक्टरों की स्थापना शामिल है।

### तकनीक से बढ़ी कार्यक्षमता: डॉ. संजीव कुमार

महापारेषण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. संजीव कुमार (भा.प्र.से.) ने पुरस्कार के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि नई तकनीक ने कंपनी की कार्यक्षमता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री देवेंद्र फडणवीस और ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीमती मेघना साकोरे-बोर्डिकर के नेतृत्व तथा अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) श्रीमती आभा शुक्ला के मार्गदर्शन में कंपनी विभिन्न परियोजनाओं को तेज गति से पूरा कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी महापारेषण नवाचार और समर्पण के बल पर अपनी उपलब्धियों को और ऊंचा करेगी।

# झोपड़पट्टी पुनर्वसन योजना के लिए विशेष जानकारी अभियान

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**




मुंबई महानगर क्षेत्र झोपड़पट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संदीप माळवी के मार्गदर्शन में आज दिनांक 29/09/2025 को योजना में शामिल नागरिकों को प्राधिकरण और योजना से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी देने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पात्रता, वारिस पंजीकरण, अभय योजना आदि सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर नागरिकों का मार्गदर्शन किया गया और उनकी झोपड़पट्टी पुनर्वसन योजना से संबंधित शंकाओं का निराकरण किया गया।

### नागरिक सहभागिता और प्रशंसा

इस कार्यक्रम में प्राधिकरण की ओर से मिनल पालांडे (सक्षम प्राधिकारी-4) एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने सभी नागरिकों की शिकायतों का समाधान करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए, अपनी शंकाओं का समाधान पाया और इस नवाचारी पहल के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी माळवी, सक्षम प्राधिकारी-4 श्रीमति पालांडे एवं अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। इसके साथ ही, सरकार के विभाग द्वारा जनता के दरवाजे पर जाकर उनके प्रश्नों का समाधान करने के कारण नागरिकों ने इस सफल उपक्रम पर संतोष व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री से मिली विधायक स्नेहा दुबे

## सड़क, उड्डयन पुल और रेलवे ओवरब्रिज के कार्यों को गति देने पर चर्चा

**डीबीडी संवाददाता । वसई**

वसई के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध संघर्षकन्या और विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने 30 सितंबर को मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने वसई के महत्वपूर्ण सड़क, उड्डयन पुल और रेलवे ओवरब्रिज के कार्यों को गति देने की आवश्यकता पर चर्चा की।

### प्रलंबित प्रस्तावों पर कार्य

वसई-विरार शहर के मुख्य सड़क, उड्डयन पुल और रेलवे ओवरब्रिज के प्रस्ताव कई वर्षों से लंबित हैं। विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने नागपुर में अपने पहले शीतकालीन सत्र में राज्य सरकार का ध्यान इस मुद्दे की ओर आकर्षित किया। इसके बाद उन्होंने शासन और एम.एम.आर.डी.ए. के साथ लगातार पत्राचार और बैठकें आयोजित कर इन लंबित प्रस्तावों का फॉलो-अप किया।

### प्रस्तावों में सुधार और समीक्षा



एम.एम.आर.डी.ए. मुख्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान, महानगर पालिका द्वारा भेजे गए प्रस्तावों में कई त्रुटियाँ पाई गईं। 25 सितंबर 2025 को विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने एम.एम.आर.डी.ए. और महानगर पालिका के निर्माण विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की। इसमें प्रस्तावों के खाके पर विस्तार से चर्चा की गई और सुधारित प्रस्ताव दो दिनों में एम.एम.आर.डी.ए. को भेजने के निर्देश दिए गए। महानगर पालिका ने 26 सितंबर 2025 को सभी त्रुटियाँ सुधारकर प्रस्ताव एम.एम.आर.डी.ए. को प्रस्तुत कर दिए।

### मुख्यमंत्री का आश्वासन

30 सितंबर 2025 को मुख्यमंत्री से पुनः मुलाकात के दौरान, विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने प्रस्तावों को तुरंत मंजूरी देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने वसई तालुका की सड़क खराबी और यातायात समस्याओं की जानकारी देते हुए कहा कि एम.एम.आर.डी.ए. के प्रस्तावों को शीघ्रता से मंजूरी दी जाएगी।

## दिवा में माता कालरात्रि का दिव्य दरबार



**ठाणे।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर दिवा में काशी से पधारे आचार्य सतीश कुमार पाण्डेय महाराज के सान्निध्य में माता कालरात्रि का भव्य दरबार सजाया गया, जिसमें विशेष पूजन, श्रृंगार और वेदमंत्रों की गूंज के बीच अनुष्ठान संपन्न हुआ। बाबा भोलेनाथ का दश स्नान, अभिषेक और भव्य आरती के साथ श्रद्धालुओं ने आराधना की तथा पूजन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन में मुख्य यजमान दीपक दुबे अपनी धर्मपत्नी ज्योति दुबे के साथ उपस्थित रहे और बड़ी संख्या में भक्तगणों ने भाग लेकर माता कालरात्रि व भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण और आस्था का उल्लास फैल गया।

# सीआईएसएफ के मेधावी वाड्र्स को 1.26 करोड़ की छात्रवृत्ति

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

सीआईएसएफ ने अपने कर्मियों के बच्चों के लिए चल रही डीजी मेरिट छात्रवृत्ति योजना में बड़ा सुधार किया है। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए कुल 1.26 करोड़ की राशि वितरित की गई है। नए प्रावधानों के अंतर्गत शिक्षा और खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 567 छात्रों को लाभ मिला है।

### 12वीं में 80% से अधिक अंक लाने वाले छात्र लाभान्वित

नए नियमों के तहत, 12वीं में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। पहले केवल 150 छात्रों तक ही यह सुविधा सीमित थी, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है। इस बदलाव से छात्रों के मन से बहिष्कार की भावना दूर होगी और उन्हें और ऊँचे लक्ष्य साधने की प्रेरणा मिलेगी।

### खेल उपलब्धियों को भी मिली मान्यता



पहली बार सीआईएसएफ वाड्र्स में खेल उपलब्धियां हासिल करने वाले छात्रों को भी महानिदेशक की मेरिट छात्रवृत्ति के दायरे में लाया गया है। इस वर्ष पाँच खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति दी गई। साथ ही, ड्यूटी के दौरान शहीद हुए कर्मियों के बच्चों को भी विशेष सहायता प्रदान की गई। इस श्रेणी में आठ छात्रों को बढ़ी हुई राशि प्रदान की गई है।

### छात्रों को 20,000 से 25,000 तक की राशि

नए मानदंडों के अनुसार, 80-90% अंक पाने वाले छात्रों को 20,000 और 90% से अधिक अंक लाने वाले छात्रों को 25,000 की छात्रवृत्ति दी गई है। सीआईएसएफ का कहना है कि यह सुधार बल का मनोबल बढ़ाने के साथ संगठन और उसके कर्मियों के बीच विश्वास को और मजबूत करेगा।

### पूरी प्रक्रिया हुई डिजिटल

प्रणाली को पारदर्शी और आसान बनाने के लिए आवेदन और अनुमोदन प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल कर दी गई है। इससे दूरस्थ स्थानों पर रहने वाले सीआईएसएफ कर्मियों के बच्चे भी बिना कठिनाई आवेदन कर सकते हैं। साथ ही, समयबद्ध निपटान के कारण छात्रवृत्ति सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुँच रही है।

# खेरवाड़ी स्टेशन से पहली बार एनएमजी ऑटो मोबाइल रेक लोडिंग शुरू

**डीबीडी संवाददाता । भुसावल**

भुसावल मंडल ने माल परिवहन क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण सफलता दर्ज की है। खेरवाड़ी स्टेशन से पहली बार एनएमजी ऑटोमोबाइल रेक की लोडिंग की गई है। इससे पहले नासिक रोड और देवलाली स्टेशनों पर भी इस तरह की सफल लोडिंग हो चुकी है। यह कदम मंडल की मालवाहतूक क्षमता को और मजबूत करने के साथ ही ग्राहकों के भरोसे को भी बढ़ाता है।

### 100 वाहनों की हुई सफल लोडिंग, मिला 16.85 लाख का राजस्व



खेरवाड़ी गुड्स शेड से मेसर्स दर्शील लॉजिस्टिक्स प्रा. लि. के लिए इस रेक की लोडिंग की गई। इसमें महिंद्रा लिमिटेड के 100 वाहन—स्कॉर्पियो, थार और XUV 3XO शामिल थे। 25 एनएमजी वैगनों का यह रेक फतुहा (दानापुर मंडल, पूर्व मध्य रेलवे) के लिए रवाना किया गया। इस लोडिंग से मंडल को 16.85 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ।

### ग्राहकों का भरोसा और प्रभावी योजना बनी सफलता का आधार

यह उपलब्धि भुसावल मंडल की बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट (BDU) के प्रयासों और ग्राहकों के साथ प्रभावी संवाद का परिणाम है। मंडल का कहना है कि भविष्य में भी ऐसी पहलें जारी रहेंगी, ताकि माल परिवहन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक और प्रभावशाली भूमिका निभाई जा सके।

# 12 राशिफल में देखें अपना दिन




**मेष** प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। लाभ होगा।

**वृष** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। नए विचार दिमाग में आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मिथुन** दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। दूसरे आपसे अधिक की अपेक्षा करेंगे व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**कर्क** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़े काम की रुकावट दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**सिंह** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा। प्रसन्नता तथा उत्साह बने रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। आलस्य हावी रहेगा। प्रमाद न करें।

**कन्या** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। कोई बड़ा काम करने की इच्छा जागृत होगी।

**तुला** यात्रा में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। हंसी-मजाक में हल्कापन न हो, ध्यान रखें। कीमती वस्तुएं इधर-उधर हो सकती हैं, संभालकर रखें। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। जीवन सुखमय व्यतीत होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य में राहत मिलेगी। चिंता दूर होगी।

**धनु** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। विवाद से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति की बातों में न आएं। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगा।

**मकर** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश मनोनकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा। किसी कार्य के प्रति चिंता रहेगी।

**कुंभ** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। थकान रहेगी।

**मीन** धनहानि की आशंका है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। थकान व कमजोरी रह सकती है। व्यापार व व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

# बिल्ली के रोने का रहस्य: शुभ या अशुभ संकेत

हमारे जीवन में कई घटनाएँ घटित होती हैं, जिनमें से कुछ को हम सीधे तौर पर प्राकृतिक कारणों से जोड़ते हैं, जबकि कुछ घटनाओं को प्राचीन शास्त्रों और ज्योतिष की दृष्टि से शकुन और अपशकुन के रूप में मानते हैं। इनमें से बिल्ली का रोना और उसके व्यवहार को विशेष महत्व दिया गया है। पुराने समय से ही बिल्ली को रहस्य और ऊर्जा से जुड़ा प्राणी माना जाता रहा है। यह केवल पालतू प्राणी नहीं बल्कि वातावरण में हो रही सूक्ष्म ऊर्जा और संभावित घटनाओं का संकेतक भी माना जाता है।



शास्त्रों और लोक मान्यताओं के अनुसार, यदि घर के बाहर या रास्ते में कोई बिल्ली रोती है, तो इसे शुभ नहीं माना जाता। इसे किसी अनहोनी का संकेत माना जाता है और यह चेतावनी देता है कि घर या परिवार के किसी सदस्य को जल्द ही मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। यह चेतावनी किसी भी कार्य में सफलता न मिलने, धन की हानि या स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का संकेत हो सकती है।

बिल्ली के रोने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। पहला कारण यह है कि बिल्ली नकारात्मक ऊर्जा का अनुभव कर सकती है। पुराने समय में लोग मानते थे कि बिल्ली नकारात्मक शक्ति को भांप लेती है और जब वह रोती है, तो वह उस ऊर्जा के बारे में चेतावनी दे रही होती है। दूसरा कारण यह माना जाता है कि बिल्ली भविष्य में होने वाली घटनाओं को भांपने की क्षमता रखती है। इसलिए, घर के बाहर लगातार बिल्ली के रोने को सुनना, आने वाले समय में किसी संकट या समस्या का संकेत माना जाता है।

यदि घर के बाहर दो बिल्लियां लड़ रही हों, तो यह आर्थिक संकट या धन हानि का संकेत हो सकता है। यह शास्त्रों में विशेष रूप से उल्लेखित है कि ऐसी स्थिति में परिवार को अपने वित्तीय मामलों में सतर्क रहने की आवश्यकता है। इसके अलावा, यदि कोई व्यक्ति बाहर जा रहा हो और बिल्ली उसका रास्ता काट दे, तो इसे अशुभ माना जाता है। यह माना जाता है कि उस दिन की योजना के अनुसार कार्यों में बाधा आएगी या कोई अप्रत्याशित घटना घटित होगी।

ज्योतिष में यह भी कहा गया है कि यदि बिल्ली चुपके से घर में दूध पीने आती है, तो यह धन हानि या संपत्ति से जुड़ी परेशानियों का संकेत हो सकता है। पुराने समय में लोग इसे गंभीर चेतावनी मानते थे और उसे रोकने के लिए विशेष उपाय किया करते थे। कई जगहों पर घर के बाहर बिल्लियों के लिए कद्दू, नमक या धूप का इस्तेमाल करके नकारात्मक प्रभाव को कम करने की परंपरा रही है।

हालांकि, आधुनिक विज्ञान और पशु व्यवहार विशेषज्ञों के अनुसार, बिल्ली का रोना प्राकृतिक कारणों से भी होता है। बिल्लियों की संचार प्रणाली और वातावरण के प्रति उनकी संवेदनशीलता उन्हें रोने के लिए प्रेरित करती है। वे अपनी भूख, दर्द, डर, या किसी अन्य बिल्ली के साथ संचार के लिए रोती हैं।




प्रियंका जैन
9769994439

## न्यूज़ ब्रीफ

### अविनाश कुमार बने झारखंड के मुख्य सचिव

**रांची।** झारखंड के नए मुख्य सचिव 1993 बैच के आईएएस अविनाश कुमार बनाए गए हैं। अविनाश कुमार की गिनती राज्य के तेज-तर्रार आईएएस अफसरों में होती है। 1993 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन के बाद बिहार कैडर आवंटन होने पर अविनाश कुमार ने अपने प्रशासनिक सफर की शुरुआत संयुक्त बिहार के भोजपुर जिले से की। भोजपुर में बतौर एसडीओ योगदान दिया। इसके बाद पश्चिमी सिंहभूम में डीडीसी रहे। संयुक्त बिहार में बेगुसराय, देवघर व लखीसराय जिले में डीसी रहे। राज्य निर्माण के बाद उन्हें झारखंड कैडर आवंटित हुआ तो दूसरी बार वह देवघर के डीसी बने। बाद में दुमका और रांची में भी वह डीसी रहे। झारखंड में कई महत्वपूर्ण विभागों में उनकी पोस्टिंग रही। वर्तमान में वह ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव के साथ मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव के प्रभार में तैनात थे।

### धार्मिक आयोजनों में पहचान पत्र दिखाने पर ही मिले प्रवेश: राज्य महिला आयोग अध्यक्ष

**लखनऊ।** त्योहारी सीजन में होने वाले गरबा, डांडिया, रामलीला जैसे धार्मिक आयोजनों में अवांछित तत्वों का प्रवेश रोकने को लेकर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने सभी जिलों के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र भेजा है। इसमें सभी आयोजन स्थलों पर वैध पहचान पत्र दिखाने के बाद ही प्रवेश की व्यवस्था सुनिश्चित कराने और शुचिता भंग करने वाले संदिग्धों की पहचान कर कार्रवाई करने के लिए कहा है। आयोग अध्यक्ष ने अपने पत्र में लिखा है कि वर्तमान समय में नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा एवं दीपावली जैसे बड़े पर्व मनाए जा रहे हैं। इन अवसरों पर विविध सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम होते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बालिकाएं व परिवार शामिल होते हैं।

### रेलवे ने बिहारवासियों को दिया दीवाली गिफ्ट

**पटना।** आसन्न विधानसभा चुनाव के पूर्व केंद्र सरकार ने पटना, अरवल, जहानाबाद और औरंगाबाद जिले के लाखों लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी दी है। रेल मंत्रालय ने बिहटा-अनुग्रह नारायण रोड के बीच 117 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन के निर्माण को तत्काल प्रभाव से शुरू करने का फैसला किया है। इस परियोजना के लिए 3606.42 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है और पूर्व मध्य रेल को परियोजना को समेकित रूप से शुरू करने का निर्देश दिया गया है। इस परियोजना से राजधानी पटना से औरंगाबाद जिला मुख्यालय को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। वहीं रेल के नक्शे पर पहली बार अरवल जिला आ जायेगा। बिहार में अरवल जिला अभी तक रेल सम्पर्क से दूर है।

### प्राइवेट स्कूलों की फीस में हो सकती है बढ़ोत्तरी

**जमशेदपुर।** निजी स्कूलों में प्रवेश कक्षा में दाखिले की दौड़ प्रारंभ हो गई है। इस बार भी अधिकांश स्कूल आनलाइन फॉर्म वितरण करेंगे। कई स्कूलों में आफलाइन फॉर्म की व्यवस्था इस बार है। शहर के लगभग 60 निजी स्कूल प्रवेश कक्षा में नामांकन को फॉर्म वितरण का कार्य करते हैं। यहीं स्कूल लाटरी से अपने स्कूल में नामांकन को चयनित बच्चों की सूची निकालते हैं। कई स्कूलों में आवेदन का कार्य माह सितंबर से ही चल रहा है, वहीं कई स्कूल माह अक्टूबर से फॉर्म वितरण का कार्य प्रारंभ करेंगे।

# देश का सबसे बड़ा बीमा फ्रॉड

**-मां-पिता और पत्नी की हत्या कर हड़पे क्लेम के करोड़ों रुपए**
**-12 राज्यों में फैला नेटवर्क**
**-संभल पुलिस ने किया चौंकाने वाला खुलासा**
**-विशाल सिंघल पर लगेगा गैंगस्टर एक्ट, ईडी भी करेगी जांच**



एजेंसी | संभल/हापुड़

पुलिस ने मेरठ के 50 वर्षीय विशाल सिंघल की करतूत का पर्दाफाश किया है। साधारण दिखने वाले विशाल ने करोड़ों की बीमा राशि हड़पने के लिए अपने ही माता-पिता और पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस का दावा है कि यह अब तक का देश का सबसे बड़ा बीमा फ्रॉड है। 28 सितंबर को हापुड़ पुलिस ने मास्टरमाइंड विशाल और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया था।

### तीन कत्ल और करोड़ों की रकम

जांच में सामने आया कि 2017 में मां प्रभा देवी की हत्या कर 25 लाख रूपए का बीमा क्लेम लिया गया। 2022 में तीसरी पत्नी एकता की हत्या के बाद 80 लाख रूपए मिले। 2024 में पिता की हत्या को भी हादसा दिखाया गया। पिता के नाम पर 64 पॉलिसियां थीं जिनकी कुल कीमत 50 करोड़ रूपए से अधिक थी।

### हत्या और क्लेम का खतरनाक फॉर्मूला

एएसपी ने बताया कि गिरोह पहले पॉलिसी कराता, प्रीमियम भरता और फिर हत्या कर उसे हादसा दिखाता। इसके बाद मोटी रकम का क्लेम पास हो जाता। फर्जी दस्तावेज तैयार कर कंपनियों को गुमराह किया जाता था। पुलिस का कहना है कि यह इंसानियत को शर्मसार करने वाला अपराध है।

### चौथी पत्नी की शिकायत से खुला राज

संभल की एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने बताया कि विशाल की चौथी पत्नी श्रेया ने दो महीने पहले पुलिस से संपर्क कर उसे सीरियल किलर बताया था। श्रेया को आशंका थी कि उसकी भी हत्या की जा सकती है। उसने बताया कि विशाल ने 2017 में मां की, 2022 में तीसरी पत्नी एकता की और 2024 में पिता की हत्या कर बीमा क्लेम लिया।

### साधारण परिवार की आय पर सवाल

पुलिस के अनुसार विशाल का परिवार साधारण आय वाला था। पिता फोटो स्टूडियो चलाते थे और विशाल बेरोजगार था। इसके बावजूद इतनी महंगी पॉलिसियों के प्रीमियम का भुगतान कैसे हुआ, इस पर सवाल उठे। जांच में सामने आया कि पिता की मौत के तुरंत बाद विशाल ने लग्जरी वाहन खरीदे थे।

### चार शादियां और संदिग्ध नेटवर्क

विशाल ने अब तक चार शादियां की हैं। पुलिस को शक है कि उसने रिश्तों का इस्तेमाल कर करोड़ों की अवैध कमाई का खेल रचा। चौथी पत्नी जीवित है, जबकि तीसरी पत्नी एकता की हत्या हो चुकी है। पहली और दूसरी पत्नियों के बारे में भी पुलिस जानकारी जुटा रही है। संभल एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि यह नेटवर्क 12 राज्यों में फैला हुआ है। अब तक 100 करोड़ रूपए से अधिक की बीमा राशि हड़पी जा चुकी है।

# सपा सांसद रामजीलाल सुमन हाउस अरेस्ट

एजेंसी | आगरा

आगरा के खंदौली थाना क्षेत्र के गिजौली गांव में हुए मारपीट प्रकरण को लेकर सपा सांसद रामजीलाल सुमन और उनके समर्थकों के गांव जाने की घोषणा से मामला गरमा गया। पुलिस ने हालात बिगड़ने की आशंका में सांसद को हाउस अरेस्ट कर लिया और सपा कार्यकर्ताओं को बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इस दौरान सपा सांसद ने बैरिकेडिंग पार करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोका।

### सपा कार्यकर्ताओं का विरोध और नारेबाजी



सपा सांसद को रोकने के बाद कार्यकर्ता भड़क गए और जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। मौके पर पहुंचे सपा नेताओं और पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। सांसद के आवास पर एटा और इटावा के सांसद भी उनसे मिलने पहुंचे। हालात तनावपूर्ण बने रहे और पुलिस ने सख्ती बरतते हुए भीड़ को नियंत्रित किया। डीसीपी पश्चिम जोन अतुल शर्मा ने स्पष्ट किया कि गिजौली गांव में शांति व्यवस्था भंग करने की किसी भी कोशिश पर कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष पहले ही पंचायत में समझौता कर चुके हैं और कानूनी रूप से भी संतुष्ट हैं। बावजूद इसके, स्थिति बिगाड़ने की आशंका पर सपा नेताओं को नोटिस जारी किए गए हैं।

# भोजपुरी गायक पवन सिंह की भाजपा में घर वापसी

एजेंसी | पटना

लोकसभा चुनावों में बागी होकर भाजपा से दूर गए भोजपुरी गायक पवन सिंह की घर वापसी हो गई है। उन्होंने सबसे पहले रालोमो नेता उपेंद्र कुशवाहा से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया और गिले-शिकवे दूर किए। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलकर पार्टी में अपनी वापसी की पुष्टि की।

### मोदी और नीतीश के सपनों का बिहार बनाने में पूरी ताकत लगाएंगे: पवन

पवन सिंह ने अपने पोस्ट में कहा कि वह मोदी और नीतीश के सपनों का बिहार बनाने में पूरी ताकत लगाएंगे। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि सामाजिक और राजनीतिक समीकरणों को साधते हुए पार्टी के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

### उपेंद्र कुशवाहा से मुलाकात



मंगलवार सुबह पवन सिंह ने भाजपा के प्रदेश प्रभारी महासचिव विनोद तावड़े और सचिव रितुराज सिन्हा के साथ उपेंद्र कुशवाहा से मुलाकात की। उन्होंने कुशवाहा के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और लोकसभा चुनाव में पैदा हुए मतभेद दूर किए। बता दें कि पहले पवन सिंह ने बिहार के काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ा था, जिससे एनडीए के उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद पवन सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि "हम अलग हुए ही कहां थे, हम साथ हैं।" इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी तीनों नेताओं के साथ फोटो भी साझा की और भाजपा में अपने पूर्ण समर्पण का संदेश दिया।

### लगातार किसी न किसी के पैर में गिर रहे हैं: तेज प्रताप

इन मुलाकातों को लेकर जब मीडिया ने पटना में तेज प्रताप यादव से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि वह लगातार किसी न किसी के पैरों में गिर रहे हैं।तेजप्रताप ने कहा, "इन लोगों का यही काम है, कलाकार का और खास तौर पर जिस व्यक्ति का आपने नाम लिया पवन सिंह का, वो लखनऊ में हमारे पैर में गिरे हुए थे। फिर दोबारा किसी के पैर में गिर रहे हैं, लगातार किसी न किसी के पैर में गिर रहे हैं। इनको समझ में नहीं आ रहा है, इनकी बुद्धि और विवेक काम नहीं कर रहा है। ये क्या करेंगे, नहीं करेंगे ये पवन सिंह जी जानेंगे। वो कलाकार हैं, उनको कलाकारी करनी चाहिए, कहां वो चुनाव में पड़ रहे हैं।"

# अंतिम मतदाता सूची में 7.42 करोड़ मतदाता

एजेंसी | पटना

बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। इस सूची में कुल मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ है, जो कि विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) से पहले 7.89 करोड़ थी। हालांकि, यह अंतिम संख्या ड्राफ्ट सूची (ड्राफ्ट रोल) से थोड़ी ज्यादा है, जिसे 1 अगस्त को जारी किया गया था। उस ड्राफ्ट सूची में 65 लाख मतदाता हटाए गए थे। इन मतदाताओं को सूची से इसलिए हटाया गया था क्योंकि या तो उनकी मृत्यु हो गई थी, वे किसी और जगह चले गए थे, या उनके नाम सूची में डुप्लीकेट थे। चुनाव आयोग ने बताया कि ड्राफ्ट सूची से 3.66 लाख वोटर हटाए गए, जबकि 21.53 लाख नए वोटर जोड़े गए, जो लोगों और पार्टियों द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों और आपत्तियों के बाद शामिल किए गए।

### पटना के 14 विधानसभा क्षेत्रों में 48.15 लाख मतदाता



जिला प्रशासन पटना के अनुसार, सघन पुनरीक्षण अभियान,2025 के तहत पटना जिले के सभी 14 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज किया गया है। इसके अनुसार, कुल मतदाताओं की संख्या 48 लाख 15 हजार 294 है, जो 1 अगस्त 2025 को जारी ड्राफ्ट सूची में शामिल कुल मतदाताओं की संख्या 46 लाख 51 हजार 694 से एक लाख 63 हजार 600 अधिक है। सबसे ज्यादा मतदाता वाला विधानसभा क्षेत्र दीघा है, जिसमें 4.56 लाख मतदाता हैं।

### अक्तूबर के पहले हफ्ते में पटना जाएगी चुनाव आयोग की टीम

चुनाव आयोग 4 और 5 अक्तूबर को पटना का दौरा करेगा और चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेगा। इसके बाद अगले सप्ताह बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान किए जाने की संभावना है। मतदाता अब अपने मोबाइल या कंप्यूटर से ऑनलाइन जाकर अपना नाम, मतदान केंद्र और अन्य विवरण आसानी से देख सकते हैं। चुनाव आयोग का जोर इस बार पारदर्शिता और तकनीकी सुविधा पर है।

# दिवाली छठ पर छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए रेलवे की बड़ी पहल, चलेगी स्पेशल ट्रेन

एजेंसी | पटना

दिवाली-छठ के मौके पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए बड़ी पहल की है। भारतीय रेलवे ने राष्ट्रीय राजधानी से दुर्ग जंक्शन के लिए एक स्पेशल ट्रेन का ऐलान किया है। रेलवे की ओर से साझा की गई जानकारी के मुताबिक,



यात्रियों की सुविधा के लिए हजरत निजामुद्दीन से दुर्ग जंक्शन के बीच स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। रेलवे के मुताबिक, ट्रेन नंबर 08760 दुर्ग जंक्शन से हर रविवार को सुबह 10.45 बजे (5 अक्तूबर से 23 नवंबर तक) चलकर अगली सुबह 11.10 बजे निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 08761 हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से हर सोमवार (6 अक्तूबर से 24 नवंबर तक) दोपहर 12.30 बजे चलकर अगली दोपहर 3 बजे दुर्ग जंक्शन पहुंचेगी।

## व्यापार जगत

# दिल्ली समेत कई राज्यों में बड़ी संख्या में हो रहा नकदी में लेनदेन

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत में डिजिटल लेनदेन तेजी से बढ़ रहा है, जिसमें यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की भूमिका सबसे अहम रही है। मौजूदा समय में देश में करीब 42 करोड़ लोग यूपीआई के जरिए डिजिटल भुगतान कर रहे है, जिससे नकदी पर निर्भरता कम होती दिखाई देती है। लेकिन इस सब के बावजूद दिल्ली समेत कुछ राज्यों में नकदी के जरिए लेनदेन अधिक है। दिल्ली उन राज्यों में शामिल है, जहां पर नकदी और यूपीआई के जरिए लेनदेन सबसे अधिक होता है।




### नकद निकासी के पीछे अहम कारण

रिपोर्ट में उन कारणों का भी उल्लेख किया गया है, जिसके चलते लोग नकद निकासी सबसे अधिक कर रहे हैं। अध्ययन में पाया गया कि पर्यटन और सेवा आधारित अर्थव्यवस्था के चलते कुछ राज्यों में नकदी को ही स्वीकार किया जा रहा है, जिसके चलते वहां पर नकद में लेनदेन ज्यादा है।

### रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने दी जानकारी

हाल में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी मासिक रिपोर्ट में यूपीआई को लेकर किए गए अध्ययन को प्रकाशित किया है। अध्ययन बताता है कि गोवा, दिल्ली, चंडीगढ़, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, केरल और सिक्किम में प्रति व्यक्ति नकदी निकासी सबसे ज्यादा दर्ज हुई। इन राज्यों में सालाना प्रति व्यक्ति नकद निकासी 11,831 से लेकर 1,02,757 रूपए के बीच है। इतना ही नहीं, दिल्ली उन राज्यों में भी शामिल है, जहां पर यूपीआई के जरिए लेनदेन सबसे अधिक है। तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र में प्रति व्यक्ति यूपीआई लेनदेन सबसे ज्यादा हैं। इन राज्यों में यूपीआई लेनदेन की संख्या प्रति व्यक्ति 5.1 से लेकर 205.6 तक है। अध्ययन में औसत यूपीआई लेनेदेन का आकलन कुल जनसंख्या को एक वर्ष में हुए यूपीआई लेन-देन की संख्या से भाग देने के बाद निकाला गया। वहीं, पूर्वोत्तर राज्यों (त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड) में अभी तक नकदी पर निर्भरता अधिक है और यूपीआई का उपयोग अपेक्षाकृत कम है।

# रुपया चार पैसे टूटकर सबसे निचले स्तर पर

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की सतत निकासी के दबाव में रुपया मंगलवार को चार पैसे टूटकर 88.79 प्रति डॉलर के अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों



ने हालांकि कहा कि वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और डॉलर के कमजोर रुख से स्थानीय मुद्रा में भारी गिरावट टल गई। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के डॉलर खरीदने के लगातार दबाव के कारण रुपया कमजोर हुआ है।

# डाक और बैंकिंग सेवाओं में परिवर्तन आज से लागू

एजेंसी | नई दिल्ली

आज से बैंकिंग से लेकर डाक सेवा से जुड़े कुछ नियमों में बदलाव होने जा रहा है। भारतीय डाक द्वारा स्पीड पोस्ट के साथ वेल्यू एडेड सर्विस शुरू की जा रही है, जिसके तहत वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) आधारित सेवा प्रदान की जाएगी। इसके लिए प्रति बुकिंग पांच रूपए अतिरिक्त देने होंगे। वहीं, बैंकिंग से जुड़ी सेवाओं में भी बदलाव किए गए हैं, जो आज से लागू होंगे। पंजाब नेशनल, यस बैंक समेत अन्य बैंकों ने सेवाओं और उनके शुल्कों में परिवर्तन किया है।




### यश बैंक ने भी किए कई बदलाव

यस बैंक ने खाता धारकों के लिए कई श्रेणी का शुल्क परिवर्तित कर दिया है। स्मार्ट सैलरी एडवांटेज अकाउंट धारकों अब RuPay डेबिट कार्ड मिलेगा, जिसकी फीस 199 होगी। वहीं एक्सक्लूसिव और उससे ऊपर वाले वेरिएंट्स को विशेष डेबिट कार्ड मिलेंगे, जिनकी फीस कुछ शर्तों पर माफ की जा सकेगी।

### अतिरिक्त शुल्क के साथ मिलेगी सुरक्षित डाक सेवा

अगर आप चाहते हैं कि आपके द्वारा भेजे जाने वाला पत्र या सामान किसी एक निश्चित व्यक्ति को मिली। इसके लिए आज से यह सुविधा डाक विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। स्पीड पोस्ट करते वक्त आपको संबंधित व्यक्ति का मोबाइल नंबर देना होगा। आपके द्वारा दिए जाने वाले मोबाइल नंबर पर ओटीपी वेरिफिकेशन होने के बाद ही सामान एवं पत्र उस व्यक्ति को सौंपा जाएगा। इस सेवा के लिए स्पीड पोस्ट करते वक्त आपको पांच रूपए अतिरिक्त देने होंगे। पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े ग्राहकों की जेब पर आज से बोझ बढ़ जाएगा। बैंक द्वारा अपनी कई सेवाओं का शुल्क बढ़ाया गया है। चेक बुक जारी कराने का शुल्क भी एक रूपए तक बढ़ाया गया है। इसके साथ ही, लॉकर के आकार और शाखा के आधार पर किराया लॉकर का बढ़ाया गया। अब ग्रामीण क्षेत्र में मध्यम लॉकर का सालाना शुल्क 2,500, 3,000 (अर्ध-शहरी) और 4,000 (शहरी/महानगरीय) होगी। जबकि अभी तक मध्यम आकार के लॉकर ग्रामीण क्षेत्र में शुल्क 2200, अर्ध-शहरी में 2500, शहरी/महानगरीय क्षेत्र में 3500 रूपए सालाना था। इस तरह से देखा जाए तो 300-500 रूपए लॉकर चार्ज बढ़ाया गया है।

# 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

एजेंसी | नई दिल्ली

एडीबी ने मंगलवार को कहा कि पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है क्योंकि भारतीय निर्यात पर अमेरिकी शुल्क का प्रभाव विशेष रूप से दूसरी छमाही की संभावनाओं को कम करेगा। उल्लेखनीय है कि अप्रैल में जारी एशियाई विकास बैंक

### निर्यात और राजकोषीय घाटा




रिपोर्ट के अनुसार, शुल्क लागू होने के कारण निर्यात में कमी का असर वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 दोनों में भारत की जीडीपी पर पड़ेगा। इसके परिणामस्वरूप शुद्ध निर्यात अप्रैल में पहले के अनुमान से अधिक तेजी से घटेगा। इसमें साथ ही कहा गया है कि कर राजस्व वृद्धि में कमी के कारण राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 प्रतिशत के बजट अनुमान से अधिक रहने की संभावना है।

# आरबीआई ने 6 सदस्यीय भुगतान नियामक बोर्ड का किया गठन

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को देश की भुगतान प्रणालियों की निगरानी और नियमन के लिए छह सदस्यीय भुगतान नियामक बोर्ड (पीआरबी) का गठन किया है। इस बोर्ड की अध्यक्षता स्वयं आरबीआई गवर्नर करेंगे। नया बोर्ड आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड की समिति 'भुगतान और निपटान प्रणाली विनियमन एवं पर्यवेक्षण बोर्ड' (बीपीएसएस) की जगह लेगा। अब तक पांच सदस्यीय बीपीएसएस की कमान गवर्नर के पास थी, लेकिन इसमें सरकार का कोई प्रतिनिधित्व नहीं था। पीआरबी में सरकार की ओर से नामित तीन सदस्य शामिल होंगे। पीआरबी में आरबीआई के




दो अधिकारी – डिप्टी गवर्नर और भुगतान व निपटान प्रणाली के प्रभारी कार्यकारी निदेशक भी सदस्य हैं। वहीं, सरकार की ओर से वित्तीय सेवा विभाग के सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय के सचिव और पूर्व दूरसंचार सचिव अरुणा सुंदरराजन को जगह मिली है। आरबीआई के प्रधान विधि सलाहकार स्थायी आमंत्रित सदस्य होंगे। मई में जारी अधिसूचना के अनुसार, बोर्ड की बैठक साल में कम से कम दो बार आयोजित होगी।

# आरबीआई ने इंडियन ओवरसीज बैंक पर 32 लाख रूपए का जुर्माना लगाया

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को कहा कि उसने 'प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल)-लक्ष्य और वर्गीकरण' पर कुछ निर्देशों का पालन न करने पर इंडियन ओवरसीज बैंक पर 31.8 लाख रूपए का जुर्माना लगाया है। आरबीआई के निर्देशों का अनुपालन न करने और इस बारे में हुई पत्राचार के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। आरबीआई ने कहा, ₹नोटिस पर बैंक के जवाब, उसके द्वारा प्रस्तुत अतिरिक्त प्रस्तुतियों और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान मौखिक प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद, आरबीआई ने पाया कि बैंक के खिलाफ निम्नलिखित आरोप कायम हैं, जिसके लिए मौद्रिक जुर्माना लगाना आवश्यक है। इंडियन ओवरसीज बैंक ने कुछ पीएसएल खातों में ऋण-संबंधी शुल्क वसूले, जिनमें से प्रत्येक में 25,000 रूपए तक का ऋण स्वीकृत किया गया था। हालांकि, आरबीआई ने कहा कि जुर्माना विनियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य बैंक द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी लेनदेन या समझौते की वैधता पर निर्णय देना नहीं है।

# मोहसिन नकवी ने ट्रॉफी देने से किया इनकार

**एजेंसी । दुबई**

एशिया कप 2025 का खिताब भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को हराते हुए अपने नाम किया। जीत के बाद भारतीय टीम ने एशियन क्रिकेट काउंसिल (ICC) के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के मुखिया मोहसिन नकवी से ट्रॉफी नहीं ली थी। अब खबर है कि नकवी ने ACC की मंगलवार को हुई बैठक में भी भारतीय टीम को ट्रॉफी देने से इनकार कर दिया।



### राजीव शुक्ला ने किया भारत का प्रतिनिधित्व

समाचार एजेंसी के मुताबिक, बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व BCCI उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और पूर्व बोर्ड कोषाध्यक्ष आशीष शेलार ने किया, जो दोनों ही ACC बोर्ड के सदस्य हैं। दोनों ने मिलकर मांग की कि नकवी एशिया कप ट्रॉफी तुरंत दुबई स्थित ACC मुख्यालय में जमा करें। साथ ही पाकिस्तानी पक्ष को सूचित किया कि वे इस मुद्दे को ACC के स्तर तक उठाने को तैयार हैं, जहां नवंबर में एक बैठक निर्धारित है।

### शेलार ने छोड़ी बैठक

बैठक में बीसीसीआई के दोनों प्रतिनिधियों ने नक़वी के रवैये पर कड़ा ऐतराज जताया। आशीष शेलार ने तो नाराज़ होकर मीटिंग बीच में ही छोड़ दी। बीसीसीआई का रुख साफ है कि भारतीय टीम ने जो जीत हासिल की है, उसका सम्मान होना चाहिए और ट्रॉफी तुरंत खिलाड़ियों तक पहुंचनी चाहिए।

### नक़वी की सफाई और नया पेंच

दूसरी ओर खबरें यह भी सामने आ रही हैं कि नक़वी अब भारत को ट्रॉफी और मेडल सौंपने को तैयार हैं, लेकिन इसके लिए वे एक 'औपचारिक समारोह' की शर्त रख रहे हैं' यह शर्त विवाद को और बढ़ा सकती है क्योंकि बीसीसीआई का मानना है कि खिलाड़ियों से उनका असली जश्न छीन लिया गया और अब यह औपचारिकता केवल 'चेहरा बचाने' की कवायद है।

### क्या है ट्रॉफी का पूरा विवाद?

मैच के बाद भारतीय टीम ने नकवी के हाथों से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। ACC अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर सुझाव दिया कि पुरस्कारों की प्रस्तुति एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरूनी से करा ली जाए, लेकिन नकवी ने ऐसा नहीं होने दिया। इसके बाद नकवी भारतीय टीम की ट्रॉफी को अपने साथ लेकर होटल रवाना हो गए। इसको लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। BCCI इसको लेकर ICC में शिकायत भी दर्ज कराएगा।

# इशिका के दो गोल से भारत की लगातार दूसरी जीत



**कैनबरा।** इशिका के दो गोल से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को कैनबरा चिल को 3-1 से पराजित किया। भारतीय टीम की यह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर लगातार दूसरी जीत है। भारत के लिए इशिका (13वें, 39वें मिनट) और सोनम (27वें मिनट) ने गोल किए। कैनबर चिल के लिए एकमात्र गोल नाओमी इवांस (11वें मिनट) ने किया। भारतीय टीम अब दौरे का अपना आखिरी मुकाबला गुरुवार को इसी टीम के खिलाफ खेलेगी। टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती दोनों मुकाबलों में शिकस्त का सामना करना पड़ा था। मैच में दोनों टीमों ने आक्रामक शुरुआत की। नाओमी ने 11वें मिनट में ही गोल कर कैनबरा को बढ़त दिला दी। हालांकि उसकी यह बढ़त दो मिनट ही रही। इशिका ने 13वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल कर भारत को एक-एक से बराबरी दिलाई। इसके बाद दोनों टीमों ने गोल करने के लिए पूरा जोर लगा दिया। इसमें भारत ने 27वें मिनट में सफलता हासिल की जब सोनम ने खूबसूरत मैदानी गोल कर टीम को 2-1 से आगे कर दिया। तीसरे क्वार्टर में इशिका ने एक और गोल कर भारत को 3-1 से आगे कर दिया। चौथे क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी।

विश्व पैरा एथलेटिक्स

# योगेश कथुनिया ने चैंपियनशिप में लगाई रजत पदक की हैट्रिक

- पुरुषों की चक्का फेंक के एफ 56 वर्ग में ब्राजील के क्लॉडनी के बाद दूसरे नंबर पर रहे
- अलमसराही पुरुषों की 100 मीटर टी-44 के फाइनल में 10.94 सेकंड का समय निकाल चैंपियन बने

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत के योगेश कथुनिया ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की चक्का फेंक के एफ 56 वर्ग में रजत पदक जीत लिया। 28 वर्षीय कथुनिया मंगलवार को दूसरे प्रयास में चक्के को 42.49 मीटर की दूरी तक फेंककर दूसरे स्थान पर रहे। यह चैंपियनशिप उनका लगातार तीसरे साल तीसरा रजत और कुल चौथा पदक है। हालांकि वैश्विक स्तर पर पहले स्वर्ण पदक की उनकी तलाश जारी रही। एफ56 श्रेणी उन एथलीटों के लिए है जो फील्ड स्पर्धाओं में बैठकर प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस वर्ग में वे एथलीट प्रतिस्पर्धा करते हैं जिनमें अंग विच्छेदन और रीढ़ की हड्डी की चोट वाले एथलीट भी हैं।



### काफी आगे रहे बतिस्ता

विश्व रिकॉर्ड धारी ब्राजील के स्टार क्लॉडनी बतिस्ता ने 45.67 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। उनके सभी छह थ्रो कथुनिया के दिन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से बेहतर थे। 2019 सत्र से शुरू हुई विश्व चैंपियनशिप में बतिस्ता का यह लगातार चौथा स्वर्ण है। उन्होंने पिछले तीन पैरालंपिक खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता है। कथुनिया चार विश्व चैंपियनशिप और दो पैरालंपिक खेलों में ब्राजील के खिलाड़ी को नहीं हरा पाए हैं।

### नौ साल की उम्र में पता चला बीमारी का

नौ साल की छोटी उम्र में कथुनिया को गिलियन-बैरे सिंड्रोम होने का पता चला था जो दुर्लभ स्व-प्रतिरक्षा विकार है। डॉक्टरों ने बताया कि वह फिर कभी नहीं चल पाएंगे और जल्द ही वह व्हीलचेयर पर आ गए। लेकिन तीन साल में वह फिर से चलने लगे जिसका श्रेय उनकी मां को जाता है। योगेश के पिता भारतीय सेना में सिपाही थे इसलिए उन्होंने चंडीगढ़ के इंडियन आर्मी पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की और दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज से कॉमर्स में स्नातक की डिग्री हासिल की।

# टेलर को हरा अल्काराज बने जापान ओपन चैंपियन

**एजेंसी । टोक्यो**



शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अल्काराज जापान ओपन टेनिस चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने मंगलवार को फाइनल में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 6-4 से हराकर करियर का 24वां एकल खिताब जीता। साथ ही यह उनका इस साल का आठवां एकल खिताब है। उन्हें पिछले हफ्ते लावेर कप टीम प्रतियोगिता में फ्रिट्ज के खिलाफ लगातार सेट में हार का सामना करना पड़ा था। स्पेन के अल्काराज ने मौजूदा सत्र में जीत-हार के अपने सत्र के रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए टूर का सर्वश्रेष्ठ 67-7 हासिल किया और उन्हें सत्र के अंत में नंबर एक रैंकिंग की ओर कदम बढ़ाए। टोक्यो में यह फाइनल अल्काराज के लिए मार्च के बाद से लगातार नौवां फाइनल था जिसमें उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 7-2 हो गया है।

# टीम इंडिया के खिलाफ मौकों को भुनाना होगा : वॉरिकन

**अहमदाबाद।** वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर जॉमेल वॉरिकन ने कहा कि उनकी टीम को भारत के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की सीरीज में बेहतर प्रदर्शन के लिए अहम मौकों को भुनाना होगा। वॉरिकन ने स्वीकार किया कि टीम को जुलाई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महज 27 रन पर सिमट जाने वाली शर्मनाक हार से सबक लेना होगा।



### सीरीज से पहले आत्ममंथन जरूरी

अभ्यास सत्र के बाद वॉरिकन ने कहा, "कोई भी टीम कभी यह नहीं चाहती कि वह 23 या 24 जैसे स्कोर पर आउट हो जाए। हमें उस अनुभव से बहुत कुछ सीखना है और खुद को फिर से तैयार करना होगा। हमें दिखाना होगा कि हम क्या करने में सक्षम हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हम प्रतिस्पर्धा कर रहे थे, लेकिन अहम क्षणों को भुना नहीं पाए और उन्होंने बेहतर प्रदर्शन किया।"

### भारत के खिलाफ कठिन चुनौती

गुरुवार से शुरू हो रही सीरीज में वेस्टइंडीज का सामना शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम से होगा। वॉरिकन ने कहा कि अब टीम को मानसिक रूप से तैयार होकर खेलना होगा और शीर्ष प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपने स्तर को ऊंचा करना होगा।

### स्पिनरों का आत्मविश्वास बढ़ा

भारत दौरे पर विदेशी बाएं हाथ के स्पिनरों के अच्छे प्रदर्शन का जिक्र करते हुए वॉरिकन ने कहा कि इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने न्यूजीलैंड के मिचेल सेंटनर की पुणे टेस्ट में यादगार जीत का उदाहरण दिया। वॉरिकन ने कहा, "यह सही है कि लेफ्ट-आर्म स्पिनरों ने भारत के खिलाफ अच्छा किया है। लेकिन आप अतीत पर ज्यादा नहीं जी सकते। आपको परिस्थितियों के अनुसार ढलना होगा और मौजूदा जिम्मेदारी पर ध्यान देना होगा।

# बोपन्ना-युजुकी की जोड़ी खिताब से चूकी



**टोक्यो।** भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और जापान के उनके जोड़ीदार ताकेरू युजुकी को जापान ओपन के फाइनल में हारकर उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले बोपन्ना और युजुकी को सोमवार देर रात को दूसरी वरीयता प्राप्त मोनाको के हुगो निस और फ्रांस के एडुअर्ड रोजर वेसलिन के हाथों 5-7, 5-7 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारत के 45 वर्षीय बोपन्ना ओपन युग में एटीपी टूर पर फाइनल में पहुंचने दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। इससे पहले जॉन मैकेनरो ने 47 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। बोपन्ना पिछले साल मार्च में मियामी मास्टर्स जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे। उसके बाद यह उनका पहला फाइनल था। हालांकि वह ट्रॉफी से चूक गए।

## बॉ ली वु ड

पेरिस फैशन वीक

# ऐश्वर्या राय ने बिखेरा जलवा

अपनी अद्भुत खूबसूरती और ग्रेस से हर मौके पर दर्शकों का दिल जीत लेने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने एक बार फिर दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। इस बार मौका था पेरिस फैशन वीक 2025 का, जहां ऐश्वर्या जैसे ही रैंप पर उतरीं, पूरा माहौल तालियों और उत्साह से गूंज उठा।

लॉरियल पेरिस की एंबेसडर के रूप में इस इवेंट में शिरकत करने पहुंची ऐश्वर्या ने मशहूर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिज़ाइन किया गया एक शानदार परिधान पहना था। पारंपरिक स्पर्श और आधुनिक अंदाज़ का संगम लिए यह परिधान अभिनेत्री की शख्सियत और स्टाइल को और भी निखार रहा था। ऐश्वर्या के आत्मविश्वास भरे कदम, मोहक मुस्कान और ग्रेसफुल अंदाज़ ने रैंप पर ऐसा जादू बिखेरा कि हर किसी की नजरें बस उन्हीं पर टिक गईं। सोशल मीडिया पर ऐश्वर्या की तस्वीरें और वीडियो खूब वायरल हो रहे हैं। फैन्स से लेकर फैशन प्रेमी तक हर कोई उनके इस लुक की तारीफ कर रहा है। प्रशंसकों ने उन्हें 'एजलेस ब्यूटी' और 'क्वीन ऑफ एलेगेंस' बताते हुए जमकर प्यार लुटाया है। रैंप पर चलते हुए ऐश्वर्या ने हमेशा की तरह हाथ जोड़कर सबका अभिवादन किया, जो उनके विनम्र और भारतीय संस्कारों से जुड़े व्यक्तित्व को दर्शाता है। उनके इस गेस्चर ने दर्शकों का दिल और भी जीत लिया। गौरतलब है कि ऐश्वर्या को इससे पहले कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में देखा गया था, जहां उनका देसी लुक इंटरनेट पर छा गया था।



अब पेरिस फैशन वीक में उनका यह वेस्टर्न लेकिन रॉयल अंदाज़ एक बार फिर यह साबित करता है कि फैशन और एलेगेंस के मामले में उनका कोई सानी नहीं है। ऐश्वर्या राय बच्चन सिर्फ एक अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि एक ऐसा नाम हैं जो हर बार अपनी मौजूदगी से ग्लैमर, स्टाइल और एटिट्यूड का अनोखा संगम पेश करती हैं।

# 'बालिका वधू' की 'आनंदी' उर्फ अविका गौर ने रचाई शादी

छोटे पर्दे की मशहूर अभिनेत्री अविका गौर पिछले कुछ समय से अपनी शादी को लेकर चर्चा में थीं। उनकी मेहंदी और हल्दी समारोह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं और अब 'बालिका वधु' की आनंदी ने अपने मंगेतर मिलिंद चांदवानी के साथ शादी कर ली है। दोनों 30 सितंबर को शादी के बंधन में बंधे हैं और खास बात ये है कि उनकी शादी नेशनल टेलीविजन पर हुई है। अविका और मिलिंद ने रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा' में शादी की है। दोनों इस शो का हिस्सा हैं। उनकी शादी की सारी रस्में भी शो में ही हुई थीं और अब इसी शो में आविका मिस से मिसेज बन गई हैं। शादी के बाद दोनों ने पैपराजी को आकर खूब पोज



दिए। आविका और मिलिंद ने हाथ जोड़कर तस्वीरें खिंचवाईं, वहीं मिलिंद ने अविका को गोद में भी उठाया। उनकी रोमांटिक केमिस्ट्री ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया।

19 साल बाद अलग हुए

# निकोल और कीथ अर्बन

ऑस्कर विजेता अभिनेत्री निकोल किडमैन और उनके पति, मशहूर संगीतकार कीथ अर्बन की शादीशुदा जिंदगी टूटने की कगार पर पहुंच गई है। दोनों ने लगभग 19 साल साथ बिताने के बाद अलग होने का फैसला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह दूरी कुछ महीनों पहले ही शुरू हो गई थी। कीथ जहां नया घर लेकर शिफ्ट हो चुके हैं, वहीं निकोल अब भी रिश्ते को बचाने की पूरी कोशिश कर रही हैं। पेज सिक्स की रिपोर्ट बताती है कि निकोल इस अलगाव



के पक्ष में नहीं थीं और उन्होंने रिश्ते को बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किया। लेकिन लगातार बढ़ते तनाव के बीच कीथ ने नैशविले में स्थित अपना घर छोड़ दिया और शहर में ही दूसरी जगह रहने लगे। इस बीच, निकोल अपनी दोनों बेटियों की अकेले देखभाल कर रही हैं।

निकोल किडमैन और कीथ अर्बन की पहली मुलाकात साल 2005 में हुई थी। इसके ठीक एक साल बाद, 2006 में दोनों ने सिडनी में शादी रचाई। शादी के बाद इस कपल की दो बेटियां हुईं।

# 'महाकाली' में अक्षय का दमदार लुक आया सामने

अभिनेता अक्षय खन्ना ने अपने हालिया अभिनय सफर में दर्शकों को कई बार चौंकाया है। 'छावा' में औरंगजेब के किरदार में तहलका मचाने के बाद अब वह पौराणिक कथाओं पर आधारित नई फिल्म 'महाकाली' में असुर गुरु शुक्राचार्य के रूप में नजर आने वाले हैं। फिल्म से जुड़ी उनकी पहली झलक सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई है और फैंस उनके लुक और अंदाज को लेकर उत्साहित हैं। अक्षय का शुक्राचार्य का अवतार बेहद दमदार दिख रहा है। सफेद रंग के लंबे बाल, घनी दाढ़ी और गंभीर चेहरा उनके किरदार की तीव्रता और शक्ति को पूरी तरह से दर्शाते हैं। इस नए लुक में अक्षय खन्ना को देख पौराणिक प्रेमियों और फैंस के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि इस किरदार को देखकर लोग अमिताभ बच्चन के 'अश्वत्थामा' को भी भूल सकते हैं। फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा, जिन्होंने ब्लॉकबस्टर हिट 'हनुमान' बनाई थी, इस बार भी अपने सिनेमैटिक दृष्टिकोण के साथ पौराणिक कथाओं को बड़े पर्दे पर जीवंत करने जा रहे हैं। 'महाकाली' उनकी 'प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स' का हिस्सा है। प्रशांत वर्मा ने फिल्म के बारे में कहा, ₹देवताओं की छाया में विद्रोह की सबसे प्रखर ज्वाला उठी। प्रस्तुत करते हैं अक्षय खन्ना को शाश्वत असुर गुरु शुक्राचार्य




के किरदार में। हालांकि, फिल्म में अन्य कलाकारों की जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। फैंस और फिल्म प्रेमियों की उत्सुकता इस बात को लेकर है कि अक्षय के इस किरदार के साथ कौन-कौन से सितारे बड़े पर्दे पर दिखाई देंगे। 'महाकाली' को लेकर उम्मीद है कि यह फिल्म न केवल अक्षय खन्ना के करियर के लिए बल्कि पौराणिक कथाओं पर आधारित भारतीय सिनेमा के लिए भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। फिल्म के रोमांचक दृश्य, आकर्षक लुक और गहन कथानक दर्शकों को पुराने पौराणिक चरित्रों के साथ-साथ नए दृष्टिकोण से परिचित कराएंगे।

## एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट में खुलासा

# देश में बढ़ा अपराध



- हर घंटे हत्या और बलात्कार की तीन घटनाएं
- एक घंटे में साइबर अपराध की दस घटनाएं
- अनुसूचित जनजातियों के खिलाफ अपराध में 28 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में हर घंटे बलात्कार और हत्या की तीन घटनाएं हो रही हैं। इसी तरह एक घंटे में साइबर अपराध की दस घटनाएं हो रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ताजा रिपोर्ट में खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में हत्या के 27,22 मामले सामने आए हैं। वर्ष 2022 में हत्या के कुल 28,522 मामले सामने आए थे। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार हत्या के जो आंकड़े 2023 की रिपोर्ट में आए हैं वह 2022 की तुलना में 2.8 फीसदी कम हैं। एनसीआरबी के अनुसार विवाद हत्या की बड़ी वजह है जिसके कारण 9,209 लोगों ने जान गंवाई। इसी तरह बदला लेने की भावना या दुश्मनी के कारण 3458 लोगों को जान गंवानी पड़ी। इसी तरह अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अपराध के मामलों में 28.8 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2022 में ऐसे मामलों की संख्या 10,064 थी जो 2023 में 12,960 हो गई है। अपराध की कुल दर वर्ष 2022 में 9.6 फीसदी थी जो 2023 में बढ़कर 12.4 फीसदी हो गई है।

### साइबर अपराधों में भी बढ़ोतरी

एनसीआरबी के अनुसार साइबर अपराध में 31.2 फीसदी की वृद्धि हुई है। वर्ष 2023 में साइबर अपराध के 86,420 मामले सामने आए हैं जबकि 2022 में इसकी संख्या 65,893 थी। वर्ष 2023 में साइबर अपराध के 68.9 फीसदी मामले लोगों से धोखाधड़ी से जुड़े हुए थे। कुल 86 हजार मामलों में से करीब 59 हजार मामले धोखाधड़ी से संबंधित थे। इसी तरह यौन शोषण के कुल 4,199 मामले सामने आए जबकि जबरन वसूली के 3326 केस दर्ज किए गए।

### 10 हजार से ज्यादा किसानों-मजदूरों ने 2023 में की खुदकुशी

साल 2023 में कृषि क्षेत्र से जुड़े 10,700 लोगों ने आत्महत्या की थी। राष्ट्रीय अपराध रिकॉड्र्स ब्यूरो (एनसीआरबी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, इनमें सबसे अधिक 38 ।5 प्रतिशत मामले महाराष्ट्र से जबकि 22 ।5 प्रतिशत कर्नाटक से सामने आए थे। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में कुल एक लाख 71 हजार 418 लोगों ने खुदकुशी की थी। इनमें से 66 ।2 प्रतिशत (1,13,416) की वार्षिक आय एक लाख रुपए से कम थी।

#### किसानों से ज्यादा मजदूरों ने दी जान

एनसीआरबी की रिपोर्ट में बताया गया है कि 2023 के दौरान कृषि क्षेत्र से जुड़े 10,786 लोगों ने अपनी जान दी थी। इनमें 4,690 किसान और 6,096 खेतिहर मजदूर थे। देशभर में आत्महत्या करने वाले लोगों में से 6 ।3 प्रतिशत लोग खेती से जुड़े थे। रिपोर्ट बताती है कि 2023 के दौरान आत्महत्या करने वाले 4,690 किसानों में 4,553 पुरुष और 137 महिलाएं थीं। ऐसा कदम उठाने वाले 6,096 कृषि मजदूरों में 5,433 पुरुष और 663 महिलाएं थीं।

#### महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा खुदकुशी

रिपोर्ट में बताया गया है कि कृषि क्षेत्र में आत्महत्या के सबसे अधिक 38 ।5 प्रतिशत मामले महाराष्ट्र से सामने आए थे। कर्नाटक से 22 ।5 प्रतिशत, आंध्र प्रदेश से 8 ।6 प्रतिशत, मध्य प्रदेश से 7 ।2 प्रतिशत और तमिलनाडु से 5 ।9 प्रतिशत मामले सामने आए। पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा, चंडीगढ़, दिल्ली और लक्षद्वीप में किसानों या खेतिहर मजदूर की आत्महत्या का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।

### अपहरण-बंधक के 1.16 लाख मामले

एनसीआरबी की रिपोर्ट में 2023 के दौरान देशभर में अपहरण, बच्चों के खिलाफ अपराध और किशोरों द्वारा किए गए अपराधों के भी आंकड़े दिए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में देश भर में अपहरण और बंधक बनाए जाने के 1 ।16 लाख मामले दर्ज किए गए थे। इनमें से लगभग 18 हजार मामले घर से भागे हुए लड़कों के थे। इनमें 9,000 बच्चे और 8,800 वयस्क शामिल थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2023 में अपहरण और बंधक बनाए जाने के कुल 1,13,564 मामले दर्ज हुए थे, जो 2022 की तुलना में 5 ।6 प्रतिशत अधिक थे।

### महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ा

एनसीआरबी के अनुसार महिलाओं के खिलाफ वर्ष 2023 में अपराध के कुल 4,48,211 मामले सामने आए। वर्ष 2022 में ये संख्या 4,45,256 और 2021 में 4,28,178 थी। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस रिकॉर्ड से एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार प्रति एक लाख की महिला आबादी पर महिला अपराध के 66.2 मामले सामने आए। इन मामलों में आरोप पत्र दायर देने की दर 77.6 फीसदी रही। महिलाओं के खिलाफ अपराध के लिए कुल 6,67,940 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसमें 5,87,441 पुरुष, 80, 490 महिला जबकि नौ ट्रांसजेंडर थे।

#### कहां कितना अपराध

- राज्य संख्या
- उत्तर प्रदेश 66,381
- महाराष्ट्र 47,101
- राजस्थान 44,540
- पश्चिम बंगाल 34,691
- मध्य प्रदेश 32,342

#### रिपोर्ट के खास बिंदु

- पति और परिवार के सदस्यों से जुड़े सबसे अधिक 1,33,676 केस
- महिलाओं के अपहण के 88,605 मामले सामने आए
- दहेज के लिए हत्या के 6,156 मामले दर्ज किए गए
- रेप के 28,821 केस, 849 मामले 18 साल से कम उम्र की लड़कियों से जुड़े
- पॉक्सो के तहत बच्चों से रेप के कुल 40,046 मामले दर्ज

### पारिवारिक समस्या और बीमारी से तंग आ जान दे रहे लोग

देश में वर्ष 2023 में कुल 1,71,418 लोगों ने आत्महत्या की। एनसीआरबी की रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है। वर्ष 2022 की तुलना में 2023 में मौत को गले लगाने वालों की संख्या में 0.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। पारिवारिक समस्या और बीमारी आत्महत्या के दो बड़े कारणों में रही है। रिपोर्ट के अनुसार आत्महत्या के 31.9 फीसदी मामले पारिवारिक समस्या जबकि 19 फीसदी केस बीमारी से संबंधित थे। देश के पांच राज्यों में आत्महत्या के कुल मामलों की भागीदारी 49 फीसदी है। इसके अलावा आत्महत्या के 51 फीसदी मामले देश के अन्य 23 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़े हैं। देशभर में आत्महत्या की घटनाओं में उत्तर प्रदेश की भागीदारी 5.3 फीसदी है। दिल्ली में गई सर्वाधिक जान देश के सबसे अधिक घनी आबादी वाले केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली में आत्महत्या के सर्वाधिक 3131 मामले आए। इसी तरह पुदुचेरी 465 मामलों के साथ दूसरे नंबर पर रहा। देश के 53 बड़े शहरों में आत्महत्या के 26,095 मामले सामने आए।

#### रिपोर्ट के खास बिंदु

- पारिवारिक समस्याओं के कारण 2568 लोगों ने जान दी
- प्रेम प्रसंग भी 1724 लोगों की आत्महत्या की वजह बना
- परीक्षा में फेल होने के बाद 1303 ने जान दी
- छात्र और बेरोजगर 13,892 लोगों ने खत्म की जीवनलीला

#### यहां सर्वाधिक आत्महत्या

- राज्य संख्या
- महाराष्ट्र 22,687
- तमिलनाडु 19,483
- मध्य प्रदेश 15,662
- कर्नाटक 13,330
- पश्चिम बंगाल 12,819

#### जान देने का कारण प्रतिशत

- शराब-नशीली दवा 07
- विवाह संबंधी समस्या 5.3
- प्रेम प्रसंग 4.7
- कर्जा या कंगाली 3.8
- बेरोजगारी 3.8
- परीक्षा में फेल 1.4

### विदेशी नागरिकों के खिलाफ बढ़ा अपराध

भारत में विदेशी नागरिकों के खिलाफ अपराधों में 2022 की तुलना में 2023 में 24% की वृद्धि दर्ज की गई है। 2023 में कुल 238 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में यह संख्या 192 थी। रिपोर्ट के अनुसार, कुल 266 पीड़ितों में से आधे से अधिक एशियाई देशों के नागरिक थे, जबकि यूरोपीय नागरिक कुल पीड़ितों का लगभग 20% हिस्सा बनाते हैं। विदेशियों के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध चोरी और बलात्कार से जुड़े थे। चोरी के 46 मामले और बलात्कार के 27 मामले दर्ज किए गए। कुल मामलों में से 53.8% पीड़ित एशियाई और 20.7% यूरोपीय थे। विदेशियों के खिलाफ अपराध में दिल्ली सबसे ऊपर है, जहां कुल 63 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद कर्नाटक (32), हिमाचल प्रदेश (22), महाराष्ट्र (19), हरियाणा (18), और केरल (17) हैं। वहीं, विदेशी नागरिकों द्वारा किए गए अपराधों में 21.2% की वृद्धि हुई है। 2023 में ऐसे मामलों की संख्या बढ़कर 2,546 हो गई, जबकि 2022 में यह 2,100 थी। रिपोर्ट के अनुसार, 48.5% मामले विदेशी अधिनियम और विदेशियों के पंजीकरण अधिनियम के तहत दर्ज किए गए, जबकि 17.7% मामले पासपोर्ट अधिनियम के तहत दर्ज हुए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पी-20 सम्मेलन में भारत का नेतृत्व करेंगे हरिवंश

**नई दिल्ली।** राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश दक्षिण अफ्रीका के पश्चिमी केप के क्लेनमंड में 1-3 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले 11वें जी-20 संसदीय अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन (पी20) में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। राज्यसभा सचिवालय की तरफ से जारी एक बयान के अनुसार, शिखर सम्मेलन के दौरान हरिवंश वैश्विक सहयोग और संपोषणीय विकास के बारे में भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाने के लिए प्रमुख विचार-विमर्शों में भाग लेंगे। वे दो विषयों 'आपदा प्रतिरोधक क्षमता और अनुक्रिया का सुदृढ़ीकरण तथा 'न्यायसंगत ऊर्जा संक्रमण के लिए वित्तीय संसाधन जुटाना वाले सत्रों में अपने विचार रखेंगे।

### युवा कांग्रेस ने राहुल गांधी को धमकी मामले में दर्ज कराई शिकायत

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के एक पूर्व नेता द्वारा राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी दिए जाने को लेकर मंगलवार को दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। हालांकि एबीवीपी का कहना है कि धमकी देने वाले व्यक्ति का एबीवीपी से ताल्लुक नहीं है। युवा कांग्रेस की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, एबीवीपी के पूर्व नेता प्रिंटू महादेव के खिलाफ दिल्ली पुलिस के समक्ष ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई और उचित कानूनी कार्रवाई का आग्रह किया गया।

### यूजीसी ने 54 निजी विश्वविद्यालयों को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश के विभिन्न राज्यों के 54 अलग-अलग प्राइवेट विश्वविद्यालयों को नोटिस जारी किया है। इन विश्वविद्यालयों ने यूजीसी के तय मानकों का अनुपालन नहीं किया और 'सेल्फ पब्लिक डिस्क्लोजर जारी नहीं किया है। यूजीसी के दिशा-निर्देश कहते हैं कि इस नियम के तहत विश्वविद्यालयों को वेबसाइट पर संस्थान से संबंधित जरूरी जानकारी साझा करनी होती है। यह सार्वजनिक जानकारी सहज उपलब्ध होनी चाहिए।

## जम्मू-कश्मीर में 25 वर्षों में सबसे शांतिपूर्ण रहा सितंबर का महीना

एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में इस साल सितंबर महीना पिछले ढाई दशकों का सबसे शांतिपूर्ण रहा। पुलिस आंकड़ों के अनुसार, आतंकवाद से जुड़ी केवल पांच मौतें हुईं। इनमें दो आतंकवादी और तीन सुरक्षाकर्मी शामिल रहे, जबकि किसी आम नागरिक की जान नहीं गई।वर्ष 2000 से 2003 तक सितंबर महीना सबसे खून-खराबे वाला साबित हुआ था। सितंबर 2000 में 343, 2001 में 437, 2002 में 320 और 2003 में 304 मौतें दर्ज की गई थीं। इन आंकड़ों में नागरिक, सुरक्षाकर्मी और बड़ी संख्या में आतंकवादी शामिल थे।

आतंकवाद से जुड़ी सिर्फ 5 मौतें हुईं



#### धीरे-धीरे कम हुईं हत्याएं

2004 से मौतों का आंकड़ा लगातार गिरना शुरू हुआ। सितंबर 2005 में 174, 2006 में 108, 2007 में 72 और 2008 में 58 मौतें हुईं। 2011 तक यह संख्या घटकर सिर्फ 14 तक पहुंच गई थी। यह सिलसिला आने वाले वर्षों में और भी स्थिर होता गया।

#### उतार-चढ़ाव वाला दौर

2012 से 2018 के बीच आंकड़ों में कभी गिरावट, कभी बढ़ोतरी देखने को मिली। 2016 में सबसे ज्यादा 46 मौतें हुईं, जबकि 2017 में 27 और 2018 में 47 हत्याएं दर्ज की गईं। 2019 में यह आंकड़ा फिर घटकर सात पर आ गया।

## प्रज्वल ने अपनी दोषसिद्धि को चुनौती दी

**नई दिल्ली।** जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना ने दुष्कर्म के एक मामले में अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट में अपील दायर की है। पिछले महीने रेवन्ना को दोषी ठहराने वाली एक विशेष अदालत ने उनके खिलाफ दर्ज, यौन शोषण और दुष्कर्म के चार मामलों में से एक में उन्हें शेष ताउम्र कैद और जुर्माना भी लगाया था। सांसदों/विधायकों के मामलों की विशेष अदालत के जज संतोष गजानन भट ने दो अगस्त को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी रेवन्ना को सजा सुनाई थी। उन्होंने उन पर कुल 11.50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था और कहा था कि इस जुर्माने की राशि में से 11.25 लाख रुपए पीड़िता को दिए जाएंगे। जर्मनी से लौटने के बाद पिछले साल मई में गिरफ्तार रेवन्ना कई आधारों पर फैसले को चुनौती दे रहे हैं। इनमें पीड़िता की गवाही में विरोधाभास और अभियोजन पक्ष द्वारा पेश सबूतों में विसंगतियां शामिल हैं।



## केंद्र ने अब तक नहीं दी 260 करोड़ रुपए की मदद: सीएम

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि केंद्र सरकार ने वायनाड भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के लिए 260.65 करोड़ रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की है, लेकिन राज्य को अब तक यह धनराशि प्राप्त नहीं हुई है। यह बयान उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने शुरुआती आकलन के आधार पर केंद्र से 2,262 करोड़ रुपए की मांग की थी। इसके बाद विस्तृत पोस्ट-डिजास्टर नीड्स असेसमेंट (पीडीएनए) रिपोर्ट तैयार की गई, जिसमें लगभग 2221.10 करोड़ रुपए की आवश्यकता का अनुमान लगाया गया। इस रिपोर्ट में मृतकों के आश्रितों, आजीविका गंवाने वालों और पुनर्वास की लागत का आकलन शामिल था। विजयन ने कहा कि इस मामले पर राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (एनईसी) की उप-समिति ने विचार किया और राज्य स्तर की समिति के साथ बैठक भी की। समिति में मुख्य सचिव डॉ. ए. जयथिलक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।



#### राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग

मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि केरल ने केंद्र से वायनाड भूस्खलन को "राष्ट्रीय आपदा" और "गंभीर प्रकृति की आपदा" घोषित करने की मांग की थी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से धारा 13 को बहाल करने की अपील की गई थी ताकि पीड़ितों के लिए ऋण माफी संभव हो सके। लेकिन इस पर अब तक कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है।

## विजय की रैली में तोड़े गए नियम : डीएमके

एजेंसी | करूर

तमिलनाडु सरकार ने मंगलवार को अभिनेता-राजनेता विजय की करुर में हुई रैली के दौरान नियमों का उल्लंघन दिखाते हुए वीडियो जारी किए। सरकार का कहना है कि रैली में आए लोगों की संख्या अनुमान से दोगुनी थी, जिससे बड़ी असुविधा हुई। सरकारी प्रवक्ता और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पी. अमूथा, स्वास्थ्य सचिव सेन्थिल कुमार और एडीजीपी लॉ एंड ऑर्डर एस. डेवासिरवथम ने सचिवालय में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान वीडियो और फोटो जारी किए। इन वीडियो में दिखाया गया कि टीवीके के कार्यकर्ता छत पर चढ़ते दिखाई दिए, जो नियमों के खिलाफ था। सरकार ने कहा कि इस तरह के उल्लंघन और बड़ी भीड़ से सुरक्षा और व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ा।



छत पर चढ़ते दिखाई दिए टीवीके के कार्यकर्ता

**चिंताजनक** | दिल्ली सहित 43 शहरों पर किया गया अध्ययन

## बड़े शहरों में अत्यधिक गर्म दिनों की संख्या बढ़ी

एजेंसी | नई दिल्ली

दुनिया के प्रमुख शहरों में भीषण गर्मी का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। पिछले तीन दशकों की तुलना में अब इन शहरों में हर साल औसतन 26% अधिक गर्म दिन देखने को मिल रहे हैं। ब्रिटेन स्थित 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर इनवायरमेंट एंड डेवलपमेंट' (आईआईईडी) के शोधकर्ताओं द्वारा मंगलवार को प्रकाशित अध्ययन में दावा किया गया है। अध्ययन में 40 सबसे अधिक आबादी वाली राजधानियों सहित 43 प्रमुख शहरों के तापमान के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। इस विश्लेषण में 1994 से अब तक के आंकड़ों को शामिल किया गया है। उन्होंने पाया कि इन शहरों में 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान वाले दिनों (बहुत गर्म दिन) की संख्या 31 वर्ष की अवधि में 26 प्रतिशत बढ़ी है। जो 1994 और 2003 के बीच औसतन 1062 दिन से बढ़कर 2015 और 2024 के बीच 1335 दिन हो गई।



#### दिल्ली में गर्मी से और खराब हुए हालात

अध्ययन में कहा गया है कि दिल्ली, उन शहरों में से है जहां 2013 के बाद से जनसंख्या में 50 फीसदी वृद्धि हुई है। साथ ही यह उन शहरों में भी शामिल है जहां गर्मी से हालात और भी बदतर होते जा रहे हैं। विश्लेषण में आगाह किया गया है कि दिल्ली जैसे शहरों में अनौपचारिक बस्तियों के निवासी खराब आवास और बुनियादी ढांचे के कारण लगातार अधिक तापमान से प्रभावित हैं।

#### 2024 में 1612 गर्म दिन दर्ज किए गए

2024 में 43 शहरों में साल भर में सबसे अधिक 1612 बहुत गर्म दिन दर्ज किए गए। यह 2019 की तुलना में 196 दिन ज्यादा और 1994 की तुलना में 52 प्रतिशत ज्यादा था। अत्यधिक गर्मी के शीर्ष तीन वर्ष पिछले छह वर्षों में आए हैं, 2024 के बाद 2023 और 2019 का स्थान है। एंटानानारिवो (मेडागास्कर), काहिरा (मिस्र), जोहानिसबर्ग (दक्षिण अफ्रीका), किंशासा (कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य), वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) और याउंडे (कैमरून) में 2024 में बहुत गर्म दिनों की रिकॉर्ड संख्या दर्ज की गई।

#### ब्राजील में तीन दिन तापमान 35 से ऊपर

ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में 1994 और 2003 के बीच केवल तीन दिन तापमान 35 डिग्री से ऊपर रहा, जबकि पिछले दशक में यह 40 दिन था। अपनी ठंडी जलवायु के लिए प्रसिद्ध साओ पाउलो में 2024 में 120 दिन तापमान 30 डिग्री से ऊपर रहा। ब्राजील सीओपी30 की मेजबानी करेगा। अध्ययन में पाया गया कि यूरोप में भी तापमान बढ़ रहा है। रोम, इटली में 35 डिग्री से अधिक तापमान वाले दिनों की सालाना औसत संख्या 1994 और 2003 के बीच 11 थी जो बढ़कर पिछले दशक में 24 हो गई है।